




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 14, अंक 68 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये दुर्ग, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में बहराइच प्रशासन की तत्परता से बची जान, जंगल में फंसे थे सौ से ज्यादा स्कूली बच्चे

**बहराइच।** यूपी के बहराइच के कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गोंडा जिले से सौ से ज्यादा स्कूली बच्चे और उनके स्टाफ घने जंगलों में फंस गए। हालांकि, प्रशासन की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के कारण सभी बच्चों की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, न्यू स्टैंडर्ड प्रशिक्षण संस्थान के कक्षा 1 से 8 तक के सौ से ज्यादा स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल स्टाफ बहराइच के कतर्नियाघाट के जंगलों में एक टूर पर गया था। बच्चों को भ्रमण करवाने के बाद नेपाल जाने की योजना था। लेकिन, देर शाम होने के कारण नेपाल के अधिकारियों की ओर से स्कूली वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद स्कूल के स्टाफ ने तीनों बस में सवार बच्चों को लेकर वापस जंगल में लौटने का फैसला लिया और बिछिया स्टेशन के पास सुनसान जंगल के बीच रुक गए।

### अयोध्या में पहले चरण में 40 एकड़ में पंचवटी द्वीप बनाया जा रहा, 70 करोड़ रुपये आ रही लगात

**अयोध्या।** सरयू के बीच स्थित 75 एकड़ में विकसित किया जा रहा पंचवटी द्वीप एक अद्वितीय डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में उभरेगा। 100 करोड़ के निवेश से 75 एकड़ में विकसित की जा रही भव्य पंचवटी द्वीप परियोजना जल्द ही सरयू नदी के बीच स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन जाएगी। प्रोजेक्ट मैनेजर यादवेंद्र ने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण ने हमें 75 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। जिसमें हम पर्यटकों को रहने के लिए जरूरी सुविधा देंगे। इसके अलावा उनके बच्चों के लिए खेलने के लिए किड्स पार्क देंगे। एडवेंचर पार्क की सुविधा भी देंगे। इस द्वीप में श्रीराम अनुभव केंद्र, राम गमन पथ, 40 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग, भगवान श्रीराम की 35 फीट ऊंची प्रतिमा, योगा ध्यान केंद्र, किड्स पार्क, फूड प्लाजा, एडवेंचर पार्क और टेंट सिटी के भीतर आधुनिक सुविधाओं से लैस 25 कॉटेज बनाए जाएंगे।

### वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर जेपीसी की भूमिका अहम : वीके सिंह

**जोधपुर।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह एक कार्यक्रम में शिरकत करने जोधपुर पहुंचे। इस दौरान जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपने विचार रखे।जनरल वीके सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के विचार पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में इस मुद्दे पर गहन मंथन किया गया था। इस विचार पर कार्य करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया गया है। जनरल वीके सिंह ने आगे कहा कि अब एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई है, जो इस विचार को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया पर विचार करेगी। यह समिति यह तय करेगी कि इसे कैसे लागू किया जा सकता है और किस प्रकार से इसे प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल से भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया को और भी सशक्त किया जा सकता है।

पीएम ने 71000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

# युवा प्रतिभाओं की क्षमता को निखारना जरूरी है-पीएम मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सरकारी नौकरी पाने वाले 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए नौकरी पाने वाले युवाओं को सफलता का मंत्र दिया। पीएम ने कहा कि किसी भी देश के विकास में युवाओं की ताकत और नेतृत्व की अहम भूमिका होती है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं कल देर रात कुवैत से लौटा हूं। वहां मैंने भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से बात की। भारत आने के बाद मेरा पहला कार्यक्रम देश के युवाओं के साथ हो रहा है। आज देश के हजारों युवाओं के जीवन की नई शुरुआत हो रही है। उनका कई सालों का सपना साकार हुआ है। कई सालों की मेहनत सफल हुई है। पीएम ने कहा कि देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरियां देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पिछले 1-1.5 साल में लगभग 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने स्थायी सरकारी नौकरी दी है। यह अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली किसी भी सरकार के कार्यकाल में युवाओं को ऐसे भारत सरकार में स्थायी नौकरी नहीं मिली। आज न सिर्फ लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। मुझे खुशी है कि पारदर्शी



परंपरा से आने वाले युवा भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से देश की सेवा में जुटे हैं। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का हमारा संकल्प है। हमें इस संकल्प और इस लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार पिछले दशक की कई नीतियां लेकर आई। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है। भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया। भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में निर्माण को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हर क्षेत्र में सफलता का झंडा बुलंद कर रहा है। पीएम ने कहा कि हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। आज जब कोई युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है, तो उसे पूरा इकोसिस्टम मिलता है। जब कोई युवा खेलों में अपना कॅरिअर बनाने की योजना बनाता है। तो उसे विश्वास होता है कि वह असफल नहीं होगा। आज खेलों में प्रशिक्षण से लेकर टूर्नामेंट तक हर कदम पर युवाओं के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।पीएम ने कहा कि आज भारत मोबाइल निर्माण क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

### 13 अलग-अलग भाषाओं में भर्ती परीक्षा शुरू की


पीएम ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को 13 अलग-अलग भाषाओं में भर्ती परीक्षा देने का विकल्प दे रही है। आज सीमावर्ती क्षेत्रों में युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने के लिए विशेष भर्ती रैलियां आयोजित की जा रही हैं। अभी तक 50 हजार से अधिक युवाओं को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रोजगार मेले के माध्यम से हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं. पिछले 10 वर्षों से विभिन्न सरकारी मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरियां देने का अभियान चल रहा है. आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी गई हैं. पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार ने करीब 10 लाख युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां दी हैं. यह अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है. उन्होंने कहा, पिछली सरकारों में मिशन मोड में युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने की ऐसी कोई पहल नहीं हुई, लेकिन आज न केवल देश में लाखों युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं।

लंबे वक्त से चल रहे थे बीमार

## फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का 90 साल की उम्र में निधन

मुंबई/ एजेंसी

मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल का आज 23 दिसंबर को शाम 6:30 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। बेनेगल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने अमर उजाला को यह जानकारी दी कि वो दो दिन पहले अपने घर पर गिर गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। श्याम बेनेगल कथित तौर पर किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। दो दिन से वे कोमा में थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। इससे पहले 14 दिसंबर को अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपना



90वां जन्मदिन मनाया था। अभिनेता कुलभूषण खरबंदा, नसीरुद्दीन शाह, दिव्या दत्ता, शबाना आजमी, रजित कपूर, अतुल तिवारी, फिल्म निर्माता-अभिनेता और शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर और अन्य लोग इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे।

महतारी वंदन योजना

## सनी लियोनी के नाम पर फर्जी भुगतान मामले में सरकार की बड़ी कार्रवाई,वीरेंद्र गिरफ्तार,वेदमती बर्खास्त किए

रायपुर/ संवाददाता

महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना में फर्जीवाड़ा सामने आने पर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है. सनी लियोन के नाम पर योजना का लाभ लेने वाले वीरेंद्र जोशी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस प्रकरण पर गंभीर लापरवाही के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी को बर्खास्त किया गया है. पर्यवेक्षक प्रभा नेताम एवं परियोजना अधिकारी ज्योति मथरानी को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है. वहीं तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी स्पष्टीकरण जारी किया गया है.वास्तव में सन्नी लिओनी के बैंक खाते में महतारी वंदन की राशि का भुगतान नहीं हुआ है अपितु यह वीरेन्द्र कुमार जोशी नाम के एक व्यक्ति ने स्थानीय स्तर पर मिलीभगत कर सन्नी लिओनी के नाम से आवेदन किया. आधार एवं अन्य जानकारी अपनी डालते हुए शासकीय राशि अवैधानिक रूप से प्राप्त करने के उद्देश्य से हरकत की है.बस्तर जिले के बस्तर विकासखंड के आंगनवाड़ी केन्द्र तालूर में वीरेन्द्र कुमार जोशी ने फर्जीवाड़ा करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र तालूर के कार्यकर्ता के माध्यम से सन्नी लिओनी के नाम से आवेदन किया है. इस आवेदन में अन्य जानकारी के रूप में अपना आधार नंबर और अपने बैंक खाते की जानकारी डाली गई है. प्रत्येक आवेदन के परीक्षण एवं सत्यापन का




दायित्व ग्राम स्तर पर बनाई गई समिति, जिसमें ग्राम प्रभारी/वार्ड प्रभारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किया जाना था. इसके उपरांत पोर्टल में अंकित दस्तावेजों का परीक्षण प्रथम सत्यापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और द्वितीय सत्यापन पर्यवेक्षक द्वारा किया जाना था. फिर परियोजना अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाना था.इस मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी, जो की वीरेन्द्र कुमार जोशी की पड़ोसी है, ने बिना तथ्यों की जांच परख किए ऑनलाइन पोर्टल पर वीरेन्द्र कुमार जोशी द्वारा सन्नी लिओनी के नाम से किए गए आवेदन को सत्यापित कर दिया. इसी प्रकार पर्यवेक्षक ने भी बिना परीक्षण किए इस आवेदन का सत्यापन कर दिया, जिसके कारण इस फर्जी नाम वाले हितग्राही को उनके द्वारा दिए गए आधार नबंर से लिंक स्टेट बैंक के खाते में डीबीटी के रूप में राशि का भुगतान हुआ है.इस प्रकरण पर गंभीर लापरवाही के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी को बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है.

25 लाख का था इनामी.....

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता नक्सलियों नेता प्रभाकर गिरफ्तार

कांकेर/ संवाददाता

कांकेर पुलिस को नक्सल मोर्चे में बड़ी सफलता हाथ लगी है. नक्सलियों के सीनियर कैडर के 25 लाख के इनामी नक्सली प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव र्स्टरू रैंक के नक्सली को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार किया. गिरफ्तार नक्सली उत्तर सब जोनल ब्यूरो में Logistics Supply एवं MOPOS Team का इंचार्ज था. प्रभाकर राव नक्सल संगठन में विगत् 40 वर्षों से सक्रिय रहकर काम कर रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई अन्य राज्यों में गिरफ्तार शीर्ष नक्सली प्रभाकर राव के खिलाफ दर्जनों



अपराध दर्ज है। कांकेर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गिरफ्तार नक्सली प्रभाकर सीसीएम सचिव गणपति का चचेरा भाई भी है. सीसीएम सचिव बसवा राजू, सीसीएम के.रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू, देवजी उर्फ कुमा दादा, कोसा, सोनू, मल्लाराजा रेड्डी उर्फ संग्राम से करीबी संबंध है। गिरफ्तार नक्सली की पत्नी DVC सदस्य है जो रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है। एडिशनल एसपी संदीप पटेल ने बताया कि विगत कुछ दिनों से नक्सली संगठन के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव की गतिविधि जिला कांकेर क्षेत्र में सक्रिय था. पुलिस को सूचना मिली कि 22 दिसम्बर को कांकेर जिले के थाना अंतागढ़ क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी कर प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ जारी है.

### राजस्थान में मृत सारस में बर्ड फ्लू वायरस मिला, पक्षियों की अन्य प्रजातियों पर भी संकट

**जयपुर।** राजस्थान के फलोदी जिले में बर्ड फ्लू फैल चुका है। जिले के खीचन गांव में मृत पाई गई कुरजां में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है।विसरा के सैंपल 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल डिजीज लैब में भेजे गए थे। 21 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में वायरस की पुष्टि हुई है। वायरस की पुष्टि ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के भीतर चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यह वायरस अन्य पक्षी प्रजातियों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। अब तक खीचन क्षेत्र में संक्रमण के कारण सात सारसों की मौत हो चुकी है।कलेक्टर एचएल अटल ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए हुई

## राहुल गांधी ने कहा क्योंकि वह संविधान की रक्षा कर रहे थे......

मुंबई/ एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद राहुल ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। परिवार से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि, मैं परिवार से मिला हूं और जिन लोगों को मारा गया है



और पीटा गया है, उनसे मिला हूं। उन्होंने मुझे पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो, तस्वीरें दिखाई गई हैं। यह सौ फीसदी हिरासत में हुई मौत है। उनकी हत्या की गई है और मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिए विधानसभा में झूठ बोला। इस युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा कर रहा था। राहुल गांधी ने कहा, सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या सरकार प्रायोजित है। वह एक दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। मनुस्मृति को मामने वाले लोगों ने अपनी जान ले ली। उन्होंने आगे कहा कि आरएसएस की विचारधारा संविधान को नष्ट करने की है। हम चाहते हैं कि इस मामले का तुरंत समाधान हो और जिन्होंने ऐसा किया है उन्हें सजा मिले। कोई राजनीति नहीं हो रही है... विचारधारा जिम्मेदार है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है।

संसद हाथापाई मामला

# हमारी ओर से नहीं हुई चूक,चुप रहना पसंद करेंगे-सीआईएसएफ

नई दिल्ली/ एजेंसी

संसद परिसर में 19 दिसंबर को हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर बीजेपी और कांग्रेस की ओर सियासत जारी है. मकर द्वार पर हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर बीजेपी ने राहुल गांधी पर सांसदो को धक्का देने का आरोप लगाया है. अब इसमें संसद भवन की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने सांसदो की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान सामने आया है. सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक श्रीकांत किशोर ने कहा कि बल की ओर से कोई चूक नहीं हुई. संदस परिसर में हुई घटना को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने कहा कि पिछले गुरुवार (19 दिसंबर, 2024) को बीजेपी और इंडिया ब्लॉक के सांसदों के बीच हुई हाथापाई के दौरान उनकी ओर से कोई चूक नहीं हुई. सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक श्रीकांत किशोर ने कहा कि बल की ओर से कोई चूक नहीं हुई. किसी भी हथियार को ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी. संदस परिसर में हुई घटना को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक श्रीकांत किशोर ने कहा कि पिछले गुरुवार (19 दिसंबर, 2024) को हुई घटना में बल की ओर से कोई चूक नहीं हुई. किसी भी सांसद को हथियार को ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी. जब सांसद आरोप लगाएंगे तो बल चुप रहना पसंद करेगा. उन्होंने कहा कि सीआईएसएफकोई जांच नहीं कर रही है.




बता दे कि आंबेडकर पर अमित शाह के बयान के बाद देश में सियासी बवाल छिड़ा हुआ है. 17 दिसंबर को शाह ने संसद में आंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी की थी. इसके बाद से कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल बीजेपी पर अपमान को लेकर लगातार निशाना साध रही है. अमित शाह के बयान के विरोध में विपक्षी सांसद संसद परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे. वहीं दूसरी तरफ बीजेपी के सांसद भी प्रदर्शन कर रहे थे. राहुल गांधी पर दोनों सांसदों को धक्का मारने का आरोप है. संसद के मकर द्वार पर सांसदों में धक्कामुक्की हो गई. इस धक्कामुक्की में बीजेपी को दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए.मकर द्वारा पर हुए हाथापाई को लेकर ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी ने दावा किया था कि राहुल गांधी ने मुकेश राजपूत को धक्का दिया, जिससे दोनों सांसद गिर गए. घटना के दौरान सारंगी सिर और घुटने में चोट आई. दोनों घायल सांसदो को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था. फिलहाल दोनों सांसदो को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है. वहीं कांग्रेस ने भाजपा के इस दावे को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सांसदों ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का दिया और राहुल गांधी के साथ शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार किया.

इस घटना के बाद बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई. भाजपा की शिकायत पर राहुल के खिलाफ 6 धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है. राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत केस दर्ज हुआ है. हालांकि, बाद में इस केस की जांच क्राइम ब्रांच यूनिट को सौंप दी गई.

## संक्षिप्त समाचार

### रेंगाकठेरा में कलश यात्रा के साथ शिवमहापुराण का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** ब्लॉक के रेंगाकठेरा में 9 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ शीतला मंदिर व शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा बोल बम धुन की प्रस्तुति से प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा के पश्चात वेदी पूजन शिव स्तुति, व्यासपीठ पूजन, पूजन, कलयुग का महामंत्र हरे कृष्ण-हरे कृष्ण-कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे के धुन में श्रोता झूम उठे। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के श्रीमुख से लोग कथा श्रवण कर रहे है। मुख्य जजमान के रूप सुखदेव सिन्हा यशोदा सिन्हा है। प्रथम दिवस कथा श्रवण करने परदेशी साहू, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गणेश साहू, राकेश साहू, राजा साहू, सोनू सिन्हा, कुणाल साहू, संदीप देवांगन, दीपचंद साहू, बंटी साहू, प्रकाश सिन्हा, आकाश सिन्हा, गोलू सोनवाने, मोनू देवांगन, अतुल साहू, डिकेश साहू, ओकेश साहू, हेमचंद साहू, बंटी सिन्हा, रितेश सिन्हा, कोमल साहूए, हुमलाल साहू, शुभस साहू, जितेश सिन्हा, सोनू ठाकुर, कोमल सिन्हा, महेश वर्मा, झुमुक वर्मा, तुलसी वर्मा, टीकम साहू, गोरे साहू, रवि साहू, प्रेमचंद साहू सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणजन कथा का रसपान किये।

### कमला कॉलेज में इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत इंडोर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19.12.2024 को किया गया, जिसके अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को अपने संबोधन में शासन द्वारा दिए गए खेल सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इंडोर प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा-बैडमिंटन में प्रथम सफ़्फ़रहीन (बीए द्वितीय), द्वितीय आनिया खान (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), तृतीय प्रीति तारम (बीएससी द्वितीय), पूनम साहू (बीएससी द्वितीय), कैरम में प्रथम राजकुमारी (बीएससी द्वितीय), द्वितीय शिवानी (बीएससी तृतीय), तृतीय आनिया (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), टेबल टेनिस में प्रथम गोदावरी कुंजाम (बीएससी तृतीय), द्वितीय लेखनी ठाकुर (बीए तृतीय), तृतीय चंद्रकला (बीएससी द्वितीय), शंतरज में प्रथम प्रज्ञा बम्बेश्वर (बीए प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय तृप्ति लिल्हारे (बीएससी तृतीय), तृतीय लेखनी ठाकुर (बीए तृतीय) शामिल है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। प्रतियोगिता के सफ्ल संचालन में विशेष रूप से आलोक जोशी, श्रीमती नीलम राम धनसाय, चंदन साहू, सुश्री गीता साहू, सुश्री हर्षा कुशवाहा, खिलेन्द्र कुमार सोनी, कु. प्रिया तलरेजा, योगेन्द्र यादव एवं श्रीमती सानवी पंजवानी ने सहयोग दिया।

प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन में क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### कमलेश चंद्राकर बने मंडल अध्यक्ष, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**पाटन।** उत्तर पाटन के मंडल अध्यक्ष के रूप में ग्राम तर्रा निवासी भाजपा के कार्यकर्ता कमलेश चंद्राकर को नियुक्त किया गया है । बता दे की कमलेश चंद्राकर भाजपा के बहुत ही पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता है। कमलेश चंद्राकर की भाजपा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर उत्तर पाटन मंडल के भाजपा के कार्यकर्ताओं ने काफी हर्ष जहर किया है साथ ही साथ कहा है की धरातल पर काम करने वाले ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन में तवज्जो देने से भाजपा और आगे बढ़ेगी।

# राम मंदिर निर्माण करने वाले महतारी वंदन लाभार्थियों को कलेक्टर ने श्री रामचरित मानस भेंटकर किया सम्मानित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन ),**/सारंगढ़ मंडी प्रांगण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के ग्राम दानसरा में महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग राम मंदिर निर्माण करने वाले हितग्राही महिलाओं को

कलेक्टर धर्मेश साहू ने श्री रामचरितमानस पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रेरणादायक कार्यों की सराहना की। कलेक्टर धर्मेश साहू ने अपने संबोधन में कहा, 卐महतारी वंदन योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो महिलाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है। यह सम्मान उन महिलाओं को दिया जा रहा है, जिन्होंने योजना के धन का सही उपयोग कर अपने जीवन में बदलाव लाए हैं। आप सभी ने अपने उदाहरण से



दिखाया है कि सही दिशा में मेहनत से क्या हासिल किया जा सकता है।卐 समारोह में सुभाष जालान, पूर्व विधायक कामदा जोल्हे, बैजन्ती लहरे, अनुपमा केशरवानी, रामकुमार थूरिया, कमल सिदार, प्रहलाद आदित्य, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

**1.89 लाख महिलाओं को मिला योजना का लाभ-** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 1,89,000 से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।


**खेल और प्रश्नोत्तरी का आयोजन-** सम्मान समारोह के दौरान कुर्सी दौड़, चम्मच-नींबू दौड़ जैसी मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। साथ ही, महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े विषयों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ।

**मुख्यमंत्री और सरकार के प्रति आभार-** सम्मानित महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। उनकी जिंदगी में अप्रत्याशित बदलाव लाया है। सरकार से प्राप्त इस राशि का अब वे बेझिझक अपने सदुपयोग में खर्च करती हैं।

# फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी से एठी रकम, कोर्ट ने जयदीप के खिलाफ लगे आरोपों पर सिविल लाइन थाना से मांगा प्रतिवेदन

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** यह पूरा मामला नजूल सीट नंबर 4 के प्लाट नंबर 47 में जाने का रास्ता न होना के लिए रास्ता देने के नाम पर 13 लाख झटक लेने का है। प्लॉट नंबर 47 में अजय लूथर, संजय लूथर के नाम पर 6570 स्क्वायर फीट जमीन है। जिसमें जाने का रास्ता नहीं है। उसे समय यूसीएमएस की एक पावर ऑफ अटॉर्नी जयदीप रॉबिंसन और उनके एक पार्टनर के नाम पर थी। पार्टनर की मृत्यु हो चुकी थी लिहाजा पावर ऑफ अटॉर्नी प्रभाव शून्य थी। एक पावर ऑफ अटॉर्नी को आधार बनाकर 12.3.2018 में नजूल अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी की कोर्ट में प्लॉट नंबर 48/2 जो मिशन की संपत्ति है का सीमांकन आवेदन जयदीप रॉबिंसन ने प्रस्तुत किया।

इस मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं है संजय लूथर, अजय लूथर ने जयदीप रॉबिंसन को 250000 रुपए का चेक और शेष रकम नक़द दी थी। अपने 156 (3) के आवेदन पत्र



वास्ते प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु निर्देशित किये जाने बाबत्।

परिवादीगण की ओर से सविनय निवेदन है :-

1. यह कि, आरोपी जयदीप राबिन्सन को यूनाईटेड क्रिश्चियन मिशन सोसायटी रजिस्ट्रेशन नंबर-1860 जरहाभाठा बिलासपुर स्थित भूमि की देखभाल हेतु पॉवर ऑफ अटार्नी देकर यू.सी.एम.एस. का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष होने एवं पॉवर ऑफ अटार्नी प्राप्त होने के नाते नजूल भूमि शीट नंबर-04, प्लाट नंबर-48/2 कुल क्षेत्रफल 10115 वर्गफुट में से 1130 वर्गफुट भूमि को 4200/-रूपये वर्गफुट की दर से विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक 23/11/2017 को आरोपी ने आवेदकगण के साथ गवाहों के समक्ष लिखाया था और बयाना राशि 10,00,000/-(दस लाख रूपये) नगद परिवादीगण से प्राप्त किया था

में उन्होंने कहा कि यूसीएमएस के कथित पदाधिकारी ने तथ्यों को छुपाते हुए इकरारनामा किया। प्रभाव शून्य पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर नकद और चेक लिया और बाद में रकम लेने से ही इनकार कर दिया। तब उसे ठगी का आभास हुआ और इस संदर्भ में सिविल लाइन थाना ने भी अपराध दर्ज नहीं किया, तब उसे 156(3) के तहत न्यायालय में आवेदन करना पड़ा। कोर्ट ने 21.01.2025 के पूर्व पुलिस से जांच प्रतिवेदन मांगा है। इसके पूर्व भी वर्ष 2024 आठवें महीने में सीएनआई के पदाधिकारी के विरुद्ध सिविल लाइन थाना में एक अपराध दर्ज है। और इसकी शिकायत नजूल अधिकारी ने स्वयं की थी बिलासपुर, रायपुर नजूल अधिकारी ने पद नाम बदल बदल कर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने और अन्य मामलों को लेकर पावर ऑफ अटॉर्नी की कॉपी प्रस्तुत करने का पृथक से एक आदेश जयदीप रॉबिंसन को दिया था। 5.12.2024 रजिस्टर फॉर्म समिति ने श्रीमती बिष्ट की एक याचिका पर जयदीप रॉबिंसन, नितिन लॉरेंस के विरुद्ध स्थगन आदेश दिया है। कुल मिलाकर 25 दिसंबर को केक काटने के पूर्व छत्तीसगढ़ डायोसिस के पदाधिकारी को झटके पर झटका लग रहे है।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में प्री क्रिसमस सेलिब्रेशन आयोजित

**जॉजगीर**//ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनाँक-21 दिसम्बर 2024 को ''प्री क्रिसमस सेलिब्रेशन'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा-नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। सर्वप्रथम प्रार्थना प्रांगण में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा क्रिसमस सेलिब्रेशन की विशेषता एवं महत्ता के विषय में बताते हुए कहा गया कि क्रिसमस या बड़ा दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाए जाने वाला पर्व है। यह 25 दिसम्बर को पड़ता है और इस दिन लगभग सम्पूर्ण विश्व में अवकाश रहता है। क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरूआत होती है। एन्नो डोमिनी काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म 7 से 2 ई.पू. के बीच हुआ था। 25 दिसम्बर यीशु मसीह के जन्म की कोई ज्ञात वास्तविक जन्म तिथि नहीं है और लगता है कि इस तिथि को एक



रोमन पर्व से संबंध स्थापित करने के आधार पर चुना गया है। आधुनिक क्रिसमस की छुटिट्यों में एक दूसरे को उपहार देना, चर्च में समारोह और विभिन्न सजावट करना शामिल हैं। इस सजावट के प्रदर्शन में क्रिसमस का पेड़, रंग बिरंगी रोशनियाँ, बड़ा, जन्म के झाँकी और हॉली आदि शामिल हैं। सांता क्लॉज (जिसे क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है हालांकि, दोनों का मूल भिन्न है) क्रिसमस से जुड़ी एक लोकप्रिय पौराणिक शख्सियत है जिसे अक्सर क्रिसमस पर बच्चों के लिए उपहार लाने के साथ जोड़ा जाता है। सांता के आधुनिक स्वरूप के लिए मीडिया मुख्य रूप से उत्तरदायी है। तत्पश्चात बाल-वाटिका के विद्यार्थियों द्वारा संगीत की धुन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्था संचालक एवं प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर केक काट गया तथा क्रिसमस की बधाईयाँ दी गई। कक्षा-छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा ''मसीहा आया हैं'' गीत प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस सेलिब्रेशन के संगीतमय आयोजन में सम्पूर्ण संस्था प्रांगण झूम उठा।

# दम है तो पुलिस भर्ती की सीबीआई जांच कराए राज्य सरकार : सूर्यकांत जैन

**राजनांदगांव।** कांग्रेस कमेटी शहर दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने राजनांदगांव पुलिस भर्ती मामले में तथाकथित सुशासन सरकार भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराई तो आश्चर्यजनक तथ्य सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस अधिकारियों द्वारा आरक्षक को प्रताड़ित करना और आरक्षक द्वारा आत्महत्या कर लेना निश्चित रूप से बड़ी दुखद घटना है। यह घटना ऐसे समय में घटित हुई है, जब खुद राज्य सरकार सुशासन का ढिंढोरा पीट रही है। निष्पक्ष सीबीआई जांच हो और दोषी पुलिस अधिकारियों और इसमें संलिप्त भाजपा नेताओं का चेहरा सामने आए और उन्हें दंडित किया जाए, तभी सुशासन की बात सही मानी जाएगी। सिर्फ पुलिस के किसी बड़े अधिकारी को निलंबित कर या यहां से हटकर अपनी कर्तव्यों की इतिश्री ना मान ले, बल्कि सरकार उन्हें कानून के अनुसार दंडित करें, मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है और अगर इस मामले में राज्य सरकार हिल हवाला करती है, तो आने वाले नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत



चुनाव में सरकार की भद पीट सकती है, इतना तय है। श्री जैन ने आगे कहा कि कांग्रेस के 5 साल के शासनकाल में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की आरोप लगाते रहती थी और सड़कों पर आंदोलन भी करती थी, आज इस मामले में कम से कम प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर स्थिति स्पष्ट करें, तो भी माना जाएगा कि भाजपा वाकई सुशासन चाहती है। उन्होंने यह मांग की आत्महत्या करने वाले पुलिस संरक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इतना ही नहीं जांच के जद में आए अन्य पुलिस आरक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। राजनांदगांव रेंज में चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर शुरूआत से ही तमाम तरह सवाल उठाए जा रहे हैं। इस दौरान भर्ती प्रक्रिया में ड्यूटीरत एक आरक्षक अनिल रत्नाकर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना ने पूरे पुलिस विभाग को ही कटघरे में ला खड़ा किया है। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम को लेकर अब चर्चा सरगर्म है कि पुलिस अधिकारी द्वारा मारपीट और प्रताड़ित करने के कारण ही आरक्षक द्वारा आत्मघाती कदम उठाया गया है। मामला काफी गंभीर होने के कारण पूरे घटनाक्रम को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव कर उन्हें परीक्षा से वंचित किया गया है, उस आधार पर इस पूरी प्रक्रिया को रद्द कर पुनः आयोजित करने की मांग की है। वंचित और आहत युवक5युवतियों की पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि पात्र अभ्यर्थियों को मौका मिल सके।

# कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

### जनदर्शन में आज कुल 104 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की शिकायतों एवं मांग जैसे समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम साजापाली निवासी श्री हसतराम द्वारा धान




का टोकन सुधरवाने, तहसील सारागांव के ग्राम देवरी निवासी सुश्री राधा सागर द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत चारपारा निवासी श्री रामकिशोर, ग्राम कोलिहा देवरी निवासी श्री संतोष दास द्वारा सीमांकन कराने, तहसील जांजगीर के नैला निवासी श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल द्वारा अतिक्रमण हटवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री छिकारा ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में अन्य आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए।

# अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति का हुआ निर्वाचन

## विजय विक्की पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए केंद्रीय युवा संयोजक

**रायगढ़ ( समय दर्शन )-** दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति का निर्वाचन अघरिया सदन रायगढ़ में रखा गया था जिसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष एवं महिला, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजक एवं युवा संयोजक पद के लिए नामांकन दाखिल हुआ।

अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति के विभिन्न पदों के लिए निर्धारित समय तक अध्यक्ष पद के लिए श्री दीनदयाल पटेल, श्रीमती गेसमोती पटेल, श्रीमती उषा पटेल और श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने नामांकन फार्म जमा किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए श्री गोपाल नायक, श्री हितेश पटेल, श्री जयराम पटेल, श्री प्रमोद पटेल और श्री द्वारिका प्रसाद पटेल ने नामांकन फार्म जमा किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला हेतु श्रीमती प्रेमशीला नायक और श्रीमती कमला पटेल ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। कोषाध्यक्ष हेतु एकमात्र श्री दिनेश चौधरी, महिला संयोजिका हेतु एकमात्र श्रीमती तारेश्वरी नायक और युवा संयोजक हेतु एकमात्र श्री विजय विक्की पटेल ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

निर्वाचन अधिकारियों ने सभी 14 लोगों के नाम निर्देशन पत्रों की जांच की सभी के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए।

नामांकन फार्म भरने के बाद उम्मीदवारों को आपस में सहमति बनाते हुए एक पद पर एक ही उम्मीदवार हो इस पर सामाजिक बंधुओं ने विचार विमर्श करने के लिए उनको एक जगह बैठकर



विचार विमर्श करने करने के लिए समय दिया, विचार विमर्श के उपरांत नाम वापसी हेतु निर्धारित समय 3.00 बजे तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला पद हेतु श्रीमती कमला पटेल ने अपना नाम वापस लिया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद में श्री जयराम पटेल, श्री हितेश पटेल, प्रमोद पटेल और श्री गोपाल पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया।

नाम वापसी के उपरांत वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद हेतु श्री द्वारिका प्रसाद पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला हेतु श्रीमती प्रेमशिला नायक, कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री दिनेश चौधरी महिला संयोजिका हेतु श्रीमती तारेश्वरी नायक और युवा संयोजक हेतु श्री विजय विक्की पटेल का नाम है। उक्त पांचों पद हेतु एकमात्र उम्मीदवार होने की वजह से चुनाव की आवश्यकता नहीं है।

अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए

श्रीमती उषा पटेल, श्रीमती गेसमोती पटेल, श्री दीनदयाल पटेल और श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी चार उम्मीदवार मैदान में हैं। उनकी सहमति से समय में चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया अध्यक्ष पद के लिए मतदान दिनांक 12 जनवरी 2025 को होगा अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार एवं उनके चिन्ह इस प्रकार है।

1. श्रीमती उषा पटेल (उगता सूरज)
2. श्रीमती गेसमोती पटेल (ताला चाबी)
3. श्री दीनदयाल पटेल (त्रिशूल)
4. श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी (शंख)

श्री विजय विक्की पटेल वर्तमान में ग्राम छातादेई के सरपंच है एवं अखिल भारतीय अघरिया समाज सारंगढ़ क्षेत्र के युवा संयोजक के रूप में में कार्य कर चुके है जिनके चलते उन्हें केंद्रीय समिति में केंद्रीय युवा संयोजक जैसी महत्वपूर्ण पद में निर्विरोध निर्वाचित किया गया है जिसके लिए विजय विक्की पटेल ने अखिल भारतीय अघरिया समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं सामाजिक बंधुओ को हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में समाज मे जोड़ना एवं सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज उत्थान हेतु सभी वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर कार्य करना और समाज को आगे ले जाने व समाज के माध्यम से पहल कर छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग संस्थान की व्यवस्था करने की बात कही ताकि आने वाले समय मे समाज के युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा में लाभ मिल सके और समाज के युवा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे महत्वपूर्ण पदों में पदस्थ होकर समाज को आगे ले जाने में अपनी महती योगदान दे सके।

**सार समाचार**

## गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण मे अपराधो एवं नशे के कारोबारी पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा जैसे मादक पदार्थ को बिक्री करने के लिए रखे आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि:- दिनांक 22.12.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खो खो तालाब पार रामायण नगर में एक लड़का उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष,इकहरा बदन, काला हरा चेक फूल बांह कमीज, काला फूल पेंट पहना हुआ है जो अपने पास नीले रंग के बोरी में अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ रखकर बिक्री करने के लिए खड़ा है है। कि सुचना पर तत्काल वरिष्ठ कार्यालय को सुचना देकर गवाहो एवं सम्पूर्ण विवेचना कीट के रेड कार्यवाही हेतू घटना स्थल पर पहूंचा जहां मुखबिर द्वारा बताए व्यक्ति खड़ा था आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किए किंतु पुलिस के तत्परता से भागने में असफल रहे। तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ कुल 05 किलो 700 ग्राम कीमती 57,000 रुपए रखा पाया गया।

## अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस पर बंदियों ने किया योगाभ्यास

**रायपुर( समय दर्शन )।** केन्द्रीय जेल रायपुर में आज प्रथम अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन योग आयोग के पूर्व सदस्य एवं आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय सिंह ने किया। शिविर में लगभग 200 बंदियों एवं जेल के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है ताकि ध्यान के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि ध्यान मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक शांति और शारीरिक विश्राम प्रदान करने का प्रभावी साधन है। यह तनाव कम करने, भावनात्मक संतुलन सुधारने और बेहतर नींद के लिए सहायक होता है। उन्होंने बंदियों को ध्यान और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। प्रशिक्षक अजय सिंह ने यह भी बताया कि इस ऐतिहासिक दिवस पर पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम से 180 देशों के लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे।

**पी आर एस आई के 46वें राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आगाज**

# समाज को जागृत करने में जनसंपर्क क्षेत्र की भूमिका अहम - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा




**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को 46वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि न केवल शासन की योजनाओं, बल्कि समाज में जन जागृति के हर क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यों और बदलते परिवेश को रेखांकित करते हुए जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। उपमुख्यमंत्री ने राज्य शासन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क क्षेत्र के योगदान को सराहा। राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से केंद्रीय, राज्य सरकारों, कॉर्पोरेट और निजी क्षेत्र के जनसंपर्क प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और प्राकृतिक धरोहरों का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों को राज्य में पर्यटन का आनंद लेने का निमंत्रण दिया। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपने विकास कार्यों के माध्यम से देशभर का ध्यान आकर्षित किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने जनसंपर्क क्षेत्र में 68 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत इस राष्ट्रीय संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा जनसंपर्क पेशेवरों को प्रोत्साहित किया है और युवाओं को इस क्षेत्र में अपना भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित किया है। पीआरएसआई के रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अली ने सम्मेलन के आयोजन को छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य बताया और राज्य के गौरव के रूप में इसे मान्यता दी। इस शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पी एल के मूर्ति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस पी सिंह समेत 200 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही, जनसंपर्क क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 37 वर्गों में सम्मानित किया जाएगा।

## सालेम इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 55वां वार्षिक उत्सव



**रायपुर( समय दर्शन )।** सालेम इंग्लिश स्कूल ने अपना 55वां वार्षिक उत्सव 21 दिसंबर को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। यह कार्यक्रम परम्परागत दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना से शुरू हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। गीत, नृत्य, और नाटिका जैसे रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को संगीतमय और जीवंत बना दिया। इस अवसर पर डायोसस ऑफ छत्तीसगढ़ की बिशप राइट रेव्ह. सुषमा कुमार, विधायक पुरन्दर मिश्रा, डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेन्स, सीडीबीई के सचिव जयदीप रॉबिन्सन, और वरिष्ठ पत्रकार जॉन राजेश पॉल ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपिका लॉरेन्स के नेतृत्व में 600 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रधानाचार्या ने शाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नृत्य के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इसके अलावा, विद्यालय के लगभग 100 छात्रों के समूह ने जिना इसी का नाम है गीत का मधुर गायन किया, जिसे आर्केस्ट्रा के साथ प्रस्तुत किया गया और जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# दिल्ली से लेकर छत्तीसगढ़ तक कांग्रेस केवल धक्कामुक्की और धमकीबाजी कर रही है



**रायपुर( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कहा है कि प्रदेश के विधानसभा परिसर में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस विधायकों द्वारा पत्रकार के साथ की गई धक्का-मुक्की और बदसलूकी लोकतंत्र के मंदिर में कांग्रेस की गुण्डागर्दी का शर्मनाक प्रदर्शन है। देव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देकर देशभर में ढोल पीटते कांग्रेसी संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी का सरेआम मखौल उड़ाकर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करके न केवल अपने कलंकित राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है, अपितु उसने यह धारणा भी पुष्ट कर दी है कि कांग्रेस अब पूरी तरह हिंसक चेहरा अपना दिखा रही है। एक तरफ गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रहते बुजुर्ग सांसदों के साथ धक्का-मुक्की करके उनका सिर फोड़ रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस की सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कांग्रेस के नेताओं को खुला आह्वान किया है कि जैसे बलौदाबाजार में किया था, ठीक वैसे ही कलेक्ट्रेट के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करें। और उसके तुरंत बाद, अब छत्तीसगढ़ विधानसभा में पत्रकार द्वारा सवाल पूछे जाने पर पहले पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने उन्हें उंगलियाँ दिखाई और फिर कांग्रेस विधायकों ने घेरकर उसके साथ धक्का-मुक्की की, पत्रकार को धमकाते हुए औकात में रहने की बात कही, उससे अभद्रता की, उसका माइक छीन लिया, कैमरा छीन लिया। देव ने कहा कि ऐसा दृश्य किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित समाज के लिए बेहद शर्मनाक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कुल मिलाकर कांग्रेस केवल हिंसा कर रही है। छत्तीसगढ़ में, और विशेषकर विधानसभा परिसर में ऐसा दृश्य कभी नहीं देखा गया कि जब पत्रकार को घेरकर उसे घुटनों के बल पर बिठाने का प्रयास किया गया हो, किसी पत्रकार का माइक खींचा गया हो, कैमरा छीन लिया गया हो और उस पत्रकार को कहा गया हो कि तू अपनी औकात में रह। देव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ इस प्रकार का बर्ताव निंदनीय है। कांग्रेस ने जो कृत्य शुक्रवार को प्रदेश की विधानसभा में किया है, वह माफी लायक कतई नहीं है।

# राजधानी के जैन मंदिर में दस लाख के आभूषण की चोरी



**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर में चोरों ने अब मंदिरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है. लाभांडी स्थित जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है, जिसमें कीमती कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद तेलीबाधां पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, रायपुर के लाभांडी स्थित पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना हुई है. चोरों ने मंदिर में 10 लाख से अधिक के कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए हैं. मंदिर में भगवान की मूर्ति को छोड़कर चोरों ने सबकुछ पार कर दिया हैं. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है.

## अलग-अलग क्षेत्र में सूने मकानों का ताला टूटा, नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी रकम सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार राधा स्वामी नगर भाठागांव निवासी कमाल साहू 22 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 लाख 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बरड़िया विहार अमलीडीह निवासी सनत कुमार भारती 34 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 3 लाख रुपए सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 6 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दिल्ली देहात विकास मंच के किसान नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिल्ली बचाओ बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए।




## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** मोन्टफोर्ट स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पूरनदास बारले 40 वर्ष ग्राम भेलवाडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी मोन्टफोर्ट स्कूल के पास क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 4433 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे पूरनदास की मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर( समय दर्शन )।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी 33 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी यशवंत कुमार निर्मलकर 27 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर व उसके बच्चे का पालन पोषण करने की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य योद्धाओं को किया सम्मानित, चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को बांटे नियुक्ति पत्र**

### मुख्यमंत्री ने कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कारों का किया वितरण

### कायाकल्प : जिला अस्पताल बेमेतरा पूरे प्रदेश में अव्वल



**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मेडिकल कॉलेज रायपुर में आज कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य योद्धाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कायाकल्प से सम्मानित संस्थाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 लाख से अधिक लोगों के स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि परिवेश की स्वच्छता के साथ ही अस्पताल की स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था, उसमें अस्पताल की स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सांसद रहने के रहने के दौरान मेरे दिल्ली स्थित निवास में इलाज के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन मेरे आवास में ही रुकते थे। तब मेरे घर की व्यवस्था देख श्रद्धेय स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने कहा था कि तुमने तो अपने घर को मिनी एम्स बना रखा है। श्रद्धेय अटल जी के कार्यकाल के दौरान रायपुर एम्स की जब स्वीकृति मिली तो वास्तव में छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता खुल गया।दमुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील नेतृत्व ने आम जनता के कारगर इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना तैयार की। गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के इलाज की व्यवस्था हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वो अपने वयोवृद्ध लोगों का कितना ख्याल रख पाता है। हमारे बुजुर्ग अपना पूरा जीवन समाज के लिए देते हैं और समाज का फर्ज है कि उनकी पूरी देखरेख करें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के लिए भी पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का फोकस है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी मिले। बस्तर के कुछ गाँव ऐसे भी थे जहां बरसों तक माओवादी हिंसा की वजह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। अब वहां स्वास्थ्य शिविर लग रहे हैं। लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़िया हुआ है इसका असर मेडिकल टूरिज्म के रूप में दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में भी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल्स में पड़ोसी राज्यों से भी मरीज आते हैं।

## संपादकीय

### ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही

बैलेंस सीट को सुधारना अच्छी बात है। लेकिन मुनाफे और श्रमिकों की आय के बीच संतुलन भी बने रहना चाहिए। यह नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' सरकार के कर्ता-धर्ताओं को अहसास होने लगा है कि भारत की %ग्रोथ स्टोरी' कहीं अटक गई है। वजह आबादी के बहुत बड़े वर्ग की उपभोग क्षमता में गिरावट है। नतीजतन मांग गिर गई है और उसका असर अब कॉरपोरेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है। यह स्थिति बनी रही, तो जीडीपी की तीव्र वृद्धि दर के दावे को कायम रखना कठिन हो जाएगा। वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ताजा चिंता का यही संदर्भ है। पिछले हफ्ते एसोचैम के एक आयोजन में उन्होंने कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि कॉरपोरेट का मुनाफा 15 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। लेकिन इससे हुई आमदनी के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कंपनियों ने ऋण चुकाने में किया है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे की तुलना में कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। नागेश्वरन ने कहा- %बैलेंस सीट को बेहतर करना अच्छी बात है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आय वृद्धि के बीच संतुलन बने रहना चाहिए। यह अनुपात कायम नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' यह वो बात है, जिस पर अनेक विशेषज्ञ पहले से रोशनी डालते रहे हैं। पिछले कुछ समय से कंपनी अधिकारी और मार्केट एजेंसियां भी इस बात को दो-टूक से कहने लगी हैं कि देश में मध्य वर्ग ढह रहा है। इससे संबंधित ताजा रिपोर्ट मार्केट एजेंसी- कैंटार की आई है। शीर्षक गौरतलब है- इंडिया ऐट क्रॉसरोड्स (चौराहे पर भारत)। कैंटार साउथ एशिया के महानिदेशक सौम्य महंती ने कहा- %कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार व्यावहारिक रूप में %के' आकार का रहा है, जिसमें मध्य वर्ग पिस गया है। 2024 में बड़े दायरे में लोग ने महसूस किया कि वे पहले की तुलना में गरीब हो गए हैं। इसका परिणाम उपभोक्ता विश्वास के गतिरुद्ध होने के रूप में सामने आया है।' कैंटार के मुताबिक अगले वर्ष भी मांग मद्धम ही रहेगी, क्योंकि ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही है। अच्छी बात है कि अब सरकारी अधिकारी भी इसे मान रहे हैं। लेकिन क्या उनके पास कोई समाधान भी है?

## अडानी पर आरोप डीप स्टेट की साजिश का प्रोपेगेंडा

**हरिशंकर व्यास**

भारत पूंजीवाद का नया इतिहास रच रहा है! भारत मानों गौतम अडानी का गिरवी हो गया है! यदि अडानी ग्रुप का कोई भी भंडा फूटे तो वह दुश्मन के %डीप स्टेट' की साजिश है! उसकी बात करना, उस पर संसद में बहस चाहना विपक्ष का देशद्रोह है। भारत को अस्थिर बनाना है। सीधे प्रधानमंत्री पर हमला है! सत्ता और सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ साजिश है! दुनिया की नंबर एक महाशक्ति अमेरिका के %डीप स्टेट' का भारत पर हमला है! इसलिए हम अमेरिका को एक्सपोज करेंगे। अमेरिका से लड़ेंगे। विपक्ष की बोलती बंद करेंगे। विपक्ष, नेता विपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उस नेहरू-गांधी परिवार को देशद्रोही करार देंगे, जिसने देश को पचास साल चलाया। यह परिवार अमेरिका, उसकी संस्थाओं, उसकी %डीप स्टेट' का पिट्ठू है। ये भारत के जगत सेठ गौतम अडानी के खिलाफ इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिका और दुनिया के खरबपति पूंजीपतियों को पछाड़ा है।

वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व की उस इकलौती उपलब्धि, 140 करोड़ भारतवासियों की आन-बान-शान के विरोधी हैं, जबकि वह सवा सौ करोड़ भूखों के फ्री लंगर की शान है।

देश-दुनिया में मोदीजी की आन है, जिससे भारत सोने की चिड़िया बना है। दुनिया में, पूंजीवाद के इतिहास का ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जो अडानी का है।

इतिहास में नए पुराने जितने खरबपति-अरबपति हुए हैं उनमें आज तक ऐसा एक भी पूंजीपति नहीं हुआ है जिस पर गोलमाल के आरोप लगे और वह राष्ट्र का गौरव बने!

उसकी रक्षा के लिए राष्ट्र, सरकार, संसद सब कुरबान हो तथा विपक्ष या विरोधी भ्रष्टाचार का शोर करें तो ससंद में बहस न हो। उलटे विपक्ष को विदेश का पिट्ठू करार दिया जाए। मीडिया खबरें न छापे। और अडानी के लिए सरकार, उसके चेहरे सब वैसी ही जनसंपर्क, लॉबी की भूमिका में हों जैसे कभी धीरूभाई अंबानी के लिए दिल्ली में बालू और टोनी किया करते थे।

अंबानी पर भी कई बार बवाल हुए। लेकिन मुझे ध्यान नहीं है कि इंदिरा गांधी, प्रणब मुखर्जी या किसी भी सरकार ने धीरूभाई अंबानी को भारत की आन-बान-शान करार दे कर उनके खिलाफ अमेरिका की %डीप स्टेट' या सीआईए की साजिश बताई हो। या संसद में बहस नहीं होने दी हो। या वाणिज्य, वित्त आदि की किसी भी भूमिका में प्रणब मुखर्जी ने रिलायंस का बचाव किया हो।

इसलिए समकालीन इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने अडानी के लिए देश के विपक्ष, राहुल गांधी-सोनिया गांधी, अमेरिका, %डीप स्टेट' आदि पर हमले का जो कर्म किया है वह न केवल पूंजीवाद और आजाद भारत के इतिहास की अनहोनी है, बल्कि यह सवाल भी बनाते हुए है कि अडानी पर हल्ला क्या मोदी सरकार की अस्थिरता है? ऐसा कैसे है कि गली-गली में शोर अडानी का है और घबराई हुई सरकार है! इतना ही नहीं भाजपा और उसके प्रवक्ता सब अडानी के कारतूस बने हुए हैं! यदि अमेरिकी %डीप स्टेट', अस्थिरता की साजिश, राहुल-सोनिया देशद्रोही, वित्तीय गोलमाल जैसी बातें हैं तो इसके लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस विदेश मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री या राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैसों को करनी चाहिए या नहीं? अडानी ग्रुप न भाजपा सदस्य है और न आरएसएस का स्वंयसेवक है। और यदि वह चंदा या गुरू दक्षिणा देता भी हो तब भी वैश्विक बदनामी (याद करें और उन रिपोर्टों को पढ़ें, जिनमें अडानी के ठेके को रद्द करते हुए केन्या की संसद ने कैसी तालियां बजाईं तथा लोगों ने भारतीयों पर कैसी टिप्पणियां कीं) की हकीकत में संघ परिवार उसके लिए क्योंकर लाठी ले कर खड़ा होगा? चाल, चेहरे, चरित्र का कोई लोकलाज नहीं?

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

**ललित गर्ग**



सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है।

भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया।

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है।

पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए।

सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है, जबकि वास्तविकता यह है कि संविधान के निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका रही है जिसे पूरी तरह से नकार दिया गया। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि संविधान पार्टी विशेष नहीं बल्कि राष्ट्र का है, पार्टी विशेष ने संविधान निर्माण को हाईजैक कर लिया।

निश्चित ही संविधान देश का सुरक्षा कवच है। लोकसभा में संविधान पर बहस की मूल आवश्यकता उन कारणों पर बुनियादी चर्चा की थी जिनके चलते संविधान निर्माताओं के सपने अभी भी अधूरे हैं और नियम-कानूनों पर संविधान की मूल भावना के अनुरूप पालन नहीं हो पा रहा है। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे भाजपा पर निशाना साधा वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने संविधान के रूप में मिले सुरक्षा कवच को तोड़ा है। भारत का संविधान, संघ का विधान नहीं है। इसी बात को दोहराते हुए अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। विपक्ष के इन आरोपों में कितनी सच्चाई है यह तो देश एवं दुनिया भलीभांति देख रही है। मोदी के शासन में न केवल देश के भीतर शांति एवं अमनचैन बना है बल्कि सीमाओं पर भी सुरक्षा मजबूत हुई है। पडोसी देश भारत की ओर नजर करने का दुस्साहस नहीं कर पा रहे हैं तो इससे अधिक सीमा की सुरक्षा एवं देश की सुरक्षा क्या हो सकती है? उचित होता संविधान पर चर्चा के दौरान बहस के स्तर को ऊंचा उठाते हुए आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए संविधान को प्रभावी तरीके से लागू करने में सहायक बनने वाले बिंदुओं पर सहमति कायम की जाती।

# संविधान निर्माता अम्बेडकर के अपमान पर मचे सियासी तूफान के पूंजीवादी एजेंडे को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**



लीजिए, हमारे विपक्षी नेताओं को एक और अपमानजनक मुद्दा मिल गया, ताकि संसद की जनहितकारी कार्यवाही को बाधित कर दिया जाए और सड़क से संसद तक हंगामा खड़ा करके लोगों को गोलबंद किया जाए। इससे मिशन आम चुनाव 2029 की विपक्षी राह आसान हो जाएगी। बताया जाता है कि एक संसदीय चर्चा के दौरान संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह कह दिया है कि आजकल आंबेडकर का नाम लेना सियासी फैशन हो गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों के लिए स्वर्ग मिल जाता। बकौल शाह, आंबेडकर-आंबेडकर-आंबेडकर क्यों कह रहे हो? आप अगर भगवान-भगवान कहेंगे तो 7 पीढ़ियां आपकी स्वर्ग में जाएंगी। बस इसी बयान को लेकर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी का विरोध करना शुरू कर दिया है।

इस प्रकार विभिन्न दलों के समर्थन-विरोध और बचाव की सियासत के बीच संसद में धक्कामुक्की तक की नौबत आई गई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व उनके साथियों के विरुद्ध भाजपा नेताओं द्वारा एफआईआर तक दर्ज करवाना पड़ा। उधर, कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों के खिलाफ शिकायत दी है। इससे बिखरते इंडिया गठबंधन को थोड़ी सी राहत भी मिल गई, क्योंकि जो नेता राहुल गांधी का विरोध करते थे, वही अब उनकी भाषा पुनः बोलने लगे।चूंकि फरवरी 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव और नवम्बर 2025 में ही बिहार विधानसभा चुनाव की सियासी वैतरणी पार करनी होगी, तो मुद्दा चाहिए। इसलिए कांग्रेस ने मनमाफिक मुद्दा ढूंढ लिया। भाजपा ने अपनी नीतियों से मुसलमानों को उसके लिए बुक ही कर दिया है और भाजपा से दलितों को हड़पने के लिए वह संविधान बदलने से लेकर अम्बेडकर के अपमान तक के मुद्दे को हवा दे चुकी है। ऐसा इसलिए कि कांग्रेस का 'दम समीकरण' दलित-मुस्लिम गठजोड़ मजबूत हो। बता दें कि इसी को मजबूत करते करते लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान और उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भाजपा की गोद में जा बैठे। वहीं, दम समीकरण की दूसरी प्रबल पैरोकार समझी गईं बसपा नेत्री और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सियासी दुर्गति आपलोग देख ही रहे हैं, जिनपर भाजपा की बी टीम होने के आरोप लगते आए हैं। इसलिए इसी दम समीकरण पर अपना दावा मजबूत करते करते कांग्रेस क्या गुल खिलाएगी, अभी कहना जल्दबाजी होगी। क्योंकि इसी समीकरण ने लोकसभा चुनाव 2024 में उसे 10 वर्षों के सियासी दुर्दिन से मुक्ति दिलाई है। यह बात दीगर है कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष बनते ही उसकी सियासी सौतनों यानी इंडिया गठबंधन के साथी दलों की नींद उड़ चुकी है। इसलिए हरियाणा और महाराष्ट्र में दलितों के छिटकते ही विपक्षी आलोचना का केंद्रविन्दु बनी कांग्रेस ने अंबेडकर के अपमान को ऐसा तूल दिया और आक्रामक रणनीति अपनाई कि संसद में धक्कामुक्की कांड हो गया। इससे राहुल गांधी पुनः विपक्षी नेताओं के हीरो बनते प्रतीत हो रहे हैं।

अब उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस इस मुद्दे से ही दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनावों के बाद 2027 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव और फिर 2028 में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों को जीतने की रणनीति बनाएगी। चूंकि इसी बीच कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल आदि विधानसभाओं के भी चुनाव इलेक्शन कैलेंडर के मुताबिक होंगे, इसलिए कांग्रेस जातिगत जनगणना के बाद अंबेडकर के अपमान को भी मुख्य मुद्दा बनाएगी। क्योंकि भाजपा भी इन्हीं दोनों मुद्दों पर कांग्रेस के ऊपर तार्किक सवाल उठाती आई है।

राजनीतिक टिप्पणीकारों की बातों पर गौर करें तो राष्ट्रपति महात्मा गांधी, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी के 'हत्यारोपी' हिंदूवादी नेता वीर सावरकर, और अब संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराम अम्बेडकर के ऊपर हुई सियासी टीका-टिप्पणी कोई नई बात नहीं है, बल्कि नई बात तो यह है कि गांधी-नेहरू का अपमान सहते रहने वाली कांग्रेस ने अम्बेडकर के अपमान को सियासी मुद्दा बनाकर एक तीर से दो शिकार कर रही है।

पहला तो यह कि दलितवादी दलों और ओबीसी की राजनीति करने वाले दलों से वह मुद्दे लपक चुकी है और इसी को धार दे रही भाजपा को जन कठघरे में खड़ा करके अपना सियासी उल्लू सीधा करने की कवायद तेज कर चुकी है। अपने देखा होगा कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राममनोहर लोहिया, वीपी सिंह, लालूप्रसाद, मान्यवर कांशीराम, मायावती, रामविलास पासवान, लालकृष्ण आडवाणी, अटलबिहारी बाजपेयी आदि अनगिनत नेताओं के ऊपर सियासी टिपण्णी हुई, लेकिन बात का इतना बतंगड़ कभी नहीं बना। कभी आजादी, कभी आरक्षण, कभी समता, कभी समरसता, कभी वामपंथ, कभी समाजवाद और कभी राष्ट्रवाद के सवाल पर सियासत हुई। रोटी कपड़ा और मकान के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की सियासत भी हुई। जय जवान, जय किसान से लेकर जय विज्ञान तक के उदघोष हुए। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तक की बातें हुईं। लेकिन जनता की माली हालत उबचुब करती रही। पिछले तीन दशकों में अमीरी और गरीबी की खाई हर रोज चौड़ी हो रही है। एक और कड़वी सच्चाई यह है कि निर्वाचित नेताओं की आय रॉकेट की गति से बढ़ रही है, पर समतामूलक समाज स्थापित करने के संवैधानिक प्रयत्न नदारत रहे। क्योंकि जब भी सर्वहितकारी कुछ बात शुरू हुई तो दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों को कानूनी ढाल बना दिया गया। कुछ लोगों को आरक्षण दिया गया और उनका समर्थन हासिल करके कहीं पारिवारिक राजनीति को मजबूत किया गया तो कहीं राजकोषीय लूट मचाई गई। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह कि कहीं कोई प्रशासनिक और न्यायिक संतुलन स्थापित करने की कोशिश नहीं की गई। या तो कानून स्वहित के अनुरूप बने या फिर परिभाषित किये गए। दुष्प्रभाव सबके सामने है। हिंसा-प्रतिहिंसा और असमानता हमारी नियति बन चुकी है। यह कड़वी सियासी सच्चाई यह है कि सन 1990 के दशक के पूर्वार्द्ध से देश में लागू 'नई आर्थिक नीतियों' के दुष्परिणाम स्वरूप भारतीय संसद जनहितकारी मुद्दों से अपना पिंड छुड़ाती हुई प्रतीत हो रही है और सिर्फ पूंजीवादी एजेंडों को पूरा करने की गरज से जनमानस के बीच भावनात्मक मुद्दों को हवा दे रही है। इन नीतियों को देश में लागू करने वाली कांग्रेस और फिर बाद में उसकी समर्थक बन चुकी भाजपा (स्वदेशी आंदोलन को भूलकर) ने पूंजीवादी राजनीति को इतनी हवा दी कि क्षेत्रीय सियासत ही हाशिए पर आ गई।

इसलिए क्षेत्रीय दलों को भाजपा और कांग्रेस के इस सियासी पेंच को समझना चाहिए, लेकिन ये भी इन दोनों दलों के गठबंधन के मोहरे बन चुके हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए कि सियासत के लिए जो जरूरी आर्थिक खाद-पानी चाहिए, वो सिर्फ पूंजीवादी कम्पनियां ही पूरी कर सकती हैं। आप गौर कीजिए कि 1990 के दशक से शुरू हुए कम्पनी राज के बाद जीवन चर्या कितनी महंगी होती जा रही है। मानवीय संवेदनाओं से परे सबकुछ को मौद्रिक पैमाने पर तौलने की बाजारू प्रवृत्ति ने खान-पान, दवा-दारू, रहन-सहन से लेकर परिवहन तक को महंगा कर दिया और गुणवत्ता के मामलों में भगवान भरोसे छोड़ दिया। वहीं, कभी कांग्रेस और कभी भाजपा के बर्चस्व वाली संसद मजबूत कानूनों को पूंजीपतियों के लिहाज से कमजोर करती रही, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, परिवहन आदि के क्षेत्रों में व्याप्त अराजकता बढ़ती चली गई। यह आज भी जारी है। समाज में रूपये के बढ़ते बोलबाला से प्रशासनिक तंत्र और अधिक भ्रष्ट हो गया। सियासत में ओबीसी, दलित व अल्पसंख्यक शब्दों के बढ़ते बोलबाला से जो जनप्रतिनिधियों की फौज संसद में आई, उन्होंने जाने-अनजाने सियासत को भ्रष्ट कर दिया। आलम यह है कि यथा राजा-तथा प्रजा और यथा प्रजा-तथा राजा का अंतर मिट चुका है। जनप्रतिनिधियों के विशेषाधिकार और न्यायाधीशों के न्यायिक अवमानना के अधिकारों ने मीडिया के मुंह सील दिए। देश में अब स्वस्थ राजनीतिक बहस की कोई गुंजाइश नहीं बची है। क्योंकि पहले आजादी, फिर समाजवाद, उसके बाद हिंदूवाद की सियासत हुई, जिसमें अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, जातीय तुष्टिकरण, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, दलित-पिछड़ा-आदिवासी गोलबंदी, फिर इनकी आपसी सिरफुटौव्वल के बीच पूंजीवादी राजनीतिक अपनी जड़ जमाती रही और लोगों के मूलभूत रोजगार से लेकर जीवन यापन तक की नीतियां हाशिए पर चली गईं।

अब जो भी दिखावटी जनहितकारी नीतियां लागू की जा रही हैं, उसके पीछे कॉरपोरेट लूट का एजेंडा सर्वप्रथम है, जिसे समझने में हमारे अधिकांश नेता व उनकी समर्थक अशिक्षित या कम शिक्षित जनता नाकाम रही है। आधार कार्ड, मुफ्त आवास, मुफ्त या कम ब्याज दर ऋण, डीबीटी जैसे जितने भी नव आर्थिक उपाय किए गए, सबका मकसद कम्पनियों को लाभ पहुंचना है। लोगों के पास काम नहीं है और सरकार एआई पर जोर दे रही है। सत्ता में मशीनीकरण के घुसपैठ से सिर्फ पूंजीवादियों का ही भला होगा।

सच कहूं तो एक देश, एक चुनाव भी उनका ही एजेंडा है ताकि छोटे छोटे दल समाप्त हो जाएं। छोटी-छोटी कम्पनियों को उनका ऑनलाइन बाजार लूट ही चुका है। इसलिए देश जनक्रांति की बाट जोह रहा है, क्योंकि वैश्विक पूंजीवादी ताकतों के इशारे पर थिरक रही भारतीय कम्पनियों से मुट्ठी भर लोगों का भला होगा, जबकि बहुत बड़ी आबादी भावनात्मक मुद्दों पर उलझी हुई है और किसी राष्ट्रीय अभिशाप से कम नहीं है। सवाल पुनः वही कि भावनाओं को भड़काकर सियासी रोटी सेंकने की कांग्रेस-भाजपा की चाल को आखिर कबतक समझेंगे हमारे क्षेत्रीय दल और जनहित की रक्षा के लिए उनपर दबाव बढ़ाएंगे, अन्यथा एक समय बाद वो भी लोगों के बीच अप्रासंगिक हो जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री अमित शाह , माफी मांगे और अपने पद से इस्तीफा दे – विनोद घृतलहरे



**मुंगेली ( समय दर्शन )///** गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा लोकसभा सत्र में डॉ.भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व युवा कांग्रेस नेता , विनोद घृतलहरे ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए संसद में डॉ.भीमराव अंबेडकर पर दिए गए राज्यसभा में गृहमंत्री के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दिए है।उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का बयान परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के ऐतिहासिक योगदान और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष का अपमान है। परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर नाम लेना कोई 卐फैशन卐 नहीं, बल्कि समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक परिवर्तन की उस क्रांति का प्रतीक है, जिसने करोड़ों दबे-कुचले लोगों को न्याय और अधिकार दिलाए। अंबेडकर को भगवान के नाम से तुलना करना उनकी विचारधारा की गहराई और संविधान निर्माण में उनके योगदान को कमतर आंकने का प्रयास है। यह न केवल असंवेदनशीलता, बल्कि सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अनादर का परिचायक है। ये अक्षम्य है, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को इस अपमान करने वाले अपने पद से इस्तीफा दे ।

### शासकीय विद्यालय केन्दूढार के बच्चों ने किया छग के प्रमुख पर्यटन स्थलों का निरीक्षण





**सरायपाली=( समय दर्शन )।** शाला विकास प्रबंधन समिति केंदूढार के निगरानी तथा संकुल प्राचार्य अशोक कुमार साहू और संकुल समन्वयक देवानंद नायक के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों का शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथ शाला केंदूढार के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण किया।जिसमें प्रमुख रूप से गिरौदपुरी धाम,तपोभूमि छातापहाड़ महाराजी,वीरभूमि सोनाखान,गुप्त प्रयाग शिवरीनारायण और छग का काशी खरौद का भ्रमण किया।सर्वप्रथम बाबा गुरुघासीदास के जन्मस्थली गिरौदपुरी में मंदिर,अमरकुंड और जैतखंभ का दर्शन किए,तत्पश्चात बाबा के तपस्थली छातापहाड़ महाराजी और पंचकुंड का दर्शन किया।छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान में शहीद स्मारक और संग्रहालय के दर्शन कर बच्चों ने गार्डन में झूले का लुत्त उठाए।छत्तीसगढ़ के काशी के नाम से प्रसिद्ध खरौद में छठी शताब्दी में निर्मित लक्ष्मणेश्वर मंदिर का दर्शन किया गया,कहा जाता है कि इस मंदिर के शिवलिंग में लाखों छिद्र हैं,जिसका एक छिद्र पाताल तक जाती है और एक छिद्र में हमेशा जल भरा रहता है।इस मंदिर में सवा लाख चावल चढ़ाने की मान्यता है।अंत में छत्तीसगढ़ के गुप्त प्रयाग शिवरीनारायण में मठ,शबरी माता मंदिर,राम मंदिर,गौशाला के साथ मंदिर प्रांगण में स्थित चमत्कारी बरगद पेड़ का दर्शन कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय परिवार के साथ शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीला बाई डडसेना के साथ शिक्षक सौभाग्य भोई,अनुपमा नायक,सुलोचना मांझी,सुंदर लाल डडसेना और रसोइया वृंदावती डडसेना तथा कमला डडसेना उपस्थित रहे।

### कसारीडीह वार्ड में 75 साल की बुजुर्ग महिला के घर जाकर बनाया आयुष्मान कार्डः घर पहुँचकर 16 से 22 दिस0 बनाया 1038 आयुष्मान कार्ड


**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र।निगम द्वारा छुटे हुए लोगो का घर घर आयुष्मान कार्ड करा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों तक पहुंचाना है। शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं का घर घर पहुँचकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा घ-घर आयुषमान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंतोदय योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिन की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की है। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से दूर न रहे। बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। घर पहुँचकर 16 से 22 दिस0 बनाया 1038 आयुष्मान कार्ड।

# वरिष्ठता सूची में संशोधन जिला पंचायत सी ई ओ , डी ई ओ का पत्र भी कूड़े दान में नजरअंदाज किया, सचिव, संचालक शिक्षा को छः साल में 12 से अधिक आवेदन

**मुंगेली ( समय दर्शन )/** वरिष्ठता सूची में संशोधन कार्यालय जिला पंचायत सी. ई. ओ. , कार्यालय डी. ई. ओ. का पत्र भी कूड़े दान में ,नजर अंदाज किया गया सचिव संचालक शिक्षा को छः साल में 12 से अधिक आवेदन जबकि संविलियन सूची ही वरिष्ठता हेतु मान्य ,तो हर साल दावा आप्पत्ति क्यो मांगा गया। त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची से पदोन्नति करना नियमों के खिलाफ। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छ. ग. के प्रदेशाध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने डी. पी. आई पर जानबूझकर ब्याख्याता एल बी संवर्ग के वरिष्ठता सूची में संशोधन के दावा आपत्ति पर अनदेखी करने का सप्रमाण आरोप लगाया हैं।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवरंग ने बताया कि स्वयं के वरिष्ठता सूची में संसोधन पर त्रुटि सुधार के लिए सीईओ जिला पंचायत व ष्ठश्वह्र के सँयुक्त हस्ताक्षर से जारी शासकीय पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली के पत्र क्र /स्था 2/ब्या /स्ब्2018-19/125 मुंगेली दिनाँक 02/01/2019 को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन रायपुर में दिनाँक 05 फरवरी 2019 एवं 22 जुलाई 2021 को जमा किया गया ,परंतु निराकरण


कार्यालय जिला–शिक्षा अधिकारी मुंगेली,
जिला–मुंगेली (छ०ग०)
Phone no -07755-264140 Email-id, mungelideo@gmail.com Email-id, rmsamungeli@gmail.com
क्र./स्था.2/व्या/एल.बी./ 2018-19 /125 मुंगेली, दिनांक 02.01.2019
प्रति,
संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय
इंद्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर छ.ग.
विषय :- दिनांक 01.07.2018 की स्थिति में व्याख्याता ई(एल.बी.) की अंतिम वरिष्ठता सूची में संशोधन विषयक।
संदर्भ :- 1.आपका पत्र/स्था.02/व्या./एल.बी./160/2018/520 अटल नगर, दिनांक 05.12.2018।
2.श्री कृष्ण कुमार नवरंग, व्या.(एल.बी.) का पत्र दिनांक 20.12.2018
उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र 02 द्वारा प्राप्त अभ्यावेदन के आधार पर व्याख्याता ई. एल.बी. संवर्ग की अंतिम वरिष्ठता सूची में छ.ग. शासन छ.ग. सिविल सेवा (सेवा की शर्तें) नियम 1961 के नियम 12 के कंडिका 1 अनुसार "वरिष्ठता की गणना (सीधी भर्ती) योग्यता क्रम के आधार पर अवधारित की जायेगी जिसमें नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है" प्रावधानिक है।
जिला पंचायत बिलासपुर छ.ग. के सीधी भर्ती आदेश क्रमांक/जि.पं./शि.स./स्थापना/शि.क.नियु./व्या./98-99/1302/बिलासपुर, दिनांक 10.07.1998 आदेश संलग्न अनुसार श्री कृष्ण कुमार नवरंग, व्या.(एल.बी.) का नाम सिफारिश वरिष्ठता क्रम 38 विषय जीवविज्ञान में एवं श्री अनिल कुमार जायसवाल का सिफारिश वरिष्ठता क्रम 141 विषय रासायन में दर्ज है।
चुंकि 01.07.2018 की स्थिति में व्याख्याता (एल.बी.) संवर्ग की राज्य स्तरीय अंतिम वरिष्ठता सूची में श्री अनिल कुमार जायसवाल का नाम 10 क्रम में एवं श्री कृष्ण कुमार का नाम 19 वे नम्बर पर अंकित है। शासन के नियमानुसार कृष्ण कुमार नवरंग, अनिल कुमार जायसवाल से वरिष्ठ है।
अतः अंतिम वरिष्ठता सूची में संशोधन हेतु आपकी ओर सादर प्रेषित है।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मुंगेली
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला मुंगेली (छ.ग.)
P.S./SAVILYAN LETTER
Page 33

नहीं होने पर प्रत्येक वर्ष प्रदेश के शिक्षा मंत्री , प्रमुखसचिव ,सचिव संचालक ,डी. ई. ओ. को दावा आप्पत्ति के समय आप्पत्ति दर्ज कराया जिसमे 12/09/2018 ‘ 06/12/2021 ,23/06/2023,19/06 /2023 तथा 09 फर 2024 व 13/05/2024 शामिल हैं , परंतु लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी वरिष्ठता सूची में मेरे अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया गया


प्रति,
संयुक्त संचालक महोदय,
शिक्षा संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
विषय:- दिनांक 01/04/2023 की स्थिति में व्याख्याता (एल.बी.) ई संवर्ग के अनंतिम वरिष्ठता सूची में संशोधन बाबत्।
संदर्भ:- 1 लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. प्रथमतल सी खण्ड इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक/स्था-2/ई /वरि.सूची/2023/296 नवा रायपुर दिनांक 15/06/23
2 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली जिला मुंगेली के पत्र क्रमांक /स्था./02/व्या/एल.बी./ 2018-19 /125 मुंगेली दिनांक 09.01.2019
महोदय,
संदर्भित पत्र क्रमांक 01 अनुक्रम में मेरा नाम 01.04.2023 की स्थिति में व्याख्याता (एल.बी.) ई संवर्ग की अनंतिम वरिष्ठता सूची दिनांक 15.06.2023 के राज्य स्तरीय वरिष्ठता क्रमांक 19 में प्रकाशित (अंकित) है।
संदर्भित पत्र क्रमांक 02 एवं छ.ग.शासन सिविल सेवा (सेवा की शर्तें) नियम 1961 नियम 12 के कंडिका 1 अनुसार "वरिष्ठता की गणना (सीधी भर्ती) योग्यता क्रम के आधार पर अवधारित की जायेगी जिसमें, नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है।" प्रावधानित है।
जिला पंचायत बिलासपुर छ.ग. के सीधी भर्ती आदेश क्रमांक/जि.पं./शि.क./स्थापना/शि.क. नियुक्ति/व्या./98-99/1302 बिलासपुर दिनांक 10.07.1998 (आदेश संलग्न) अनुसार मेरा नाम वरिष्ठता क्रम 38 विषय जीव विज्ञान में अंकित है।

| राज्य स्तरीय में वरिष्ठता क्रम | सीधी भर्ती में नियुक्ति हेतु योग्यता क्रम | नाम | विषय | नियुक्ति दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 19 | 38 | कृष्ण कुमार नवरंग | जीव विज्ञान | 10.07.1998 |
| 04 | 61 | कु0 कांति यादव | भूगोल | 10.07.1998 |
| 06 | 54 | रामकिशोर साहू | भूगोल | 10.07.1998 |
| 09 | 106 | अमृत साहू | अर्थशास्त्र | 10.07.1998 |
| 10 | 141 | अनिल कुमार जायसवाल | रसायन | 10.07.1998 |
| 12 | | हेमेन्द्र साहू | अर्थशास्त्र | 10.07.1998 |

अतः छ.ग. शासन सा.प्रशासन विभाग के नियम अनुसार व्याख्याता एल.बी. ई. संवर्ग के राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची में अंकित क्रमांक 4, क्रमांक 6 , क्रमांक 9 , क्रमांक 10, क्रमांक 12 से वरिष्ठ हूँ।
अतः राज्यस्तरीय एल.बी. ई संवर्ग की अनंतिम वरिष्ठता सूची के वरिष्ठता क्रम में सुधार कर क्रमांक 4, क्रमांक ... क्रमांक 10, क्रमांक 12 के पहले करने की कृपा करें।
दिनांक- 19/06/2023
संलग्न-
1. सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. शासन के निर्देश।
2. जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली का संशोधन हेतु पत्र।
3. जिला पंचायत बिलासपुर दिनांक 10.07.1998 को जारी नियुक्ति आदेश की कापी।
प्रार्थी
कृष्ण कुमार नवरंग
व्याख्याता (एल.बी.) जीवविज्ञान
शा.उ.मा.वि.कोदवाबानी,
वि.खं. व जिला मुंगेली (छ.ग.)
मो.7898154376

। गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन छ. ग. ने बताया कि डी. पी. आई के पत्र क्र 2022 दिनाँक 25 नव 2024 को जारी ब्याख्याता एल बी ई संवर्ग दिनाँक 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची में सभी दावा आप्पत्ति का निराकरण कर लिया जाकर सुधार कर लेने का दावा कर सूची जारी की है ,जारी सूची पर प्रश्न चिन्ह उठा संगठन ने कहा कि जब जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त दावा आप्पत्ति सूची




का निराकरण कर सूची जारी की है तो निराकरण संबंधी दस्तावेज को सार्वजनिक किया जाय। पदोन्नति के मामले शासन का स्पस्ट नियम है, सामान्य प्रशासन विभाग छ. ग. के परिपत्र सिविल सेवा (सेवा की शर्तें ) नियम 1961 के नियम 12 के कंडिका 01 अनुसार वरिष्ठता की गणना (सीधी भर्ती) योग्यता क्रम के आधार पर अवधारित की जायेगी जिसमे नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है प्रावधानित है ।

डी. पी. आई ने उक्त नियमों को दरकिनार कर 01 जुलाई 2018 को एल बी संवर्ग की संविलियन सूची को ही वरिष्ठता का आधार मानकर पदोन्नति करने उतारू हो गई हैं।

ज्ञात हो संविलियन सूची में स्थानांतरित ,नियुक्ति क्रम ,सिफारिश क्रमतथा ,1998 में नियुक्त को ,2005 के नीचे रख जिलों में एक विभाग से दूसरे विभाग में संविलियन करने सूची शिक्षा विभाग को सौंपी गई थी और उक्त सूची में ब्यापक विसंगति थीं ,जिसका वरिष्ठता से कोई लेना देना नहीं है।

अत: संचालक महोदय से अपील की विसंगतियों से भरमार ब्याख्याता एल. बी. संवर्ग की वरिष्ठता सूची का पुन: परीक्षण कर ष्ठश्वह्र से प्राप्त संसोधन प्रस्ताव का निराकरण करने के बाद दावा आप्पत्ति को सार्वजनिक करने के बाद ही पदोन्नति की कार्यवाही करें ।संगठन ने उक्त विषय पर शीघ्र ही उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर निराकरण करने निर्देशित करने की मांग किया जाएगा

उक्त जानकारी कृष्णकुमार नवरंग प्रांताध्यक्ष गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छ. ग.के द्वारा दिया गया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली, राष्ट्रीय सेवा योजना का सगरपाली में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



**सरायपाली/सागरपाली( समय दर्शन )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 21.12.2024 से 27.12.2024 तक ग्राम सागरपाली के स्कूल में आयोजित हो रहा है।

इस शिविर के त्रितीय दिवस का शुभारंभ प्रात:काल योग व प्राणायाम अभ्यास के साथ हुआ।

रामचंडी महाविद्यालय बगाइजोर के पी टी आई व योगशिक्षक रामप्रसाद यादव द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों प्राणायाम का अभ्यास कराया गया व करने की विधि व उसका लाभ बताया गया। सभी स्वयंसेवकों ने इस सत्र सहभागिता दी,तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता रैली,नशा मुक्ति जागरूकता रैली,मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया एवं स्वयं सेवकों के द्वारा गांव गलियों की सफाई,हैंड पंप की सफाई की गई और बौद्धिक चर्चा में नंप्रकाश पंडा ब्रांच हेड एक्सिस बैंक लिमिटेड सरायपाली द्वारा बैंकिंग संबंधित जानकारी विस्तार से दिए गए द्य

एक सोना पर्यावरण विद् पूर्व अधिकारी एनटीपीसी पर्यावरण में हमारा योगदान कैसा हो इस पर जानकारी दी,होमेश ध्रुव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा कृषक दिवस के अवसर पर किसानों से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी,गुलाबचंद पटेल के द्वारा स्वयंसेवकों को दैनिक दिनचर्या एवं स्वास्थ्य का जानकारी दी,बौद्धिक चर्चा में सागरपाली के व्यवसायी बजरंग लाल अग्रवाल,कृष्ण कुमार नायक(अध्यक्ष ग्रामीण कृषि सेवा सहकारी समिति बिछिया)जयदेव साहू व्याख्याता,अंगद कुमार अजगर व्याख्याता उपस्थित थे द्य

## संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा नवोदय प्रयास अभ्यास परीक्षा आयोजित



**महासमुंद (समय दर्शन)।** जिले पिथौरा नगर में स्थित संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा नवाचारी गतिविधि करते हुए कक्षा छठवीं नवोदय एवं कक्षा नवमी प्रयास सैनिक अभ्यास परीक्षा गायत्री मंदिर परिसर में दिनांक 22 दिसंबर रविवार को आयोजित की गई। इस अभ्यास परीक्षा में जिले भर के 120 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि नवोदय प्रयास अभ्यास परीक्षा आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को ओएमआर शीट को सही-सही भरना, ओएमआर शीट द्वारा उत्तर अंकित कराना सिखाना था। इसके साथ ही बच्चों को परीक्षा प्रणाली, उनके पूर्व तैयारी का आकलन करना और गलतियों को सुधार करना है। नवोदय परीक्षा 80 प्रश्नों का होता है। इसमें मानसिक योग्यता, अंकगणित परीक्षण, भाषा परीक्षण मिलाकर 100 अंक निर्धारित होता है। इन्हीं सब बारीकियों का पूर्वाभ्यास कराया गया। आपको बता दे संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा में बच्चों को पाठ्य पुस्तक के अलावा नवोदय, प्रयास ,सैनिक, एकलव्य विद्यालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाती है, जिससे बच्चों को सफलता मिल सके। उक्त अभ्यास परीक्षा के मार्गदर्शन में विशेष रूप से संस्थान की संचालिका श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ,संतोष गुप्ता साहित्यकार उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव नवागढ़ में तीन दिवसीय ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रथम पुरस्कार पिटौरा दुर्ग को मिला एवं द्वितीय पुरस्कार एक लाख एक हजार रुपए चेक एवं शिल्ड लोक सांस्कृतिक खेल एवम् मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ को माननीय दयाल दास बघेल जी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किया**

**मुंगेली ( समय दर्शन )///** गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव नवागढ़ में तीन दिवसीय ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।लगातार तीन दिवसीय दिवस पंथी नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री माननीय दयाल दास बघेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार 1051000 द्वितीय पुरस्कार 101000एवं तृतीय पुरस्कार 75000 रखा गया था। माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा दिनांक 21 दिसंबर को 209 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया एवं



परम् पूज्य बाबा गुरू घासीदास के संदेश सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने के लिए नागरिकों से अपील किया गया माननीय डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष ने भी परम पूज्य बाबा अमृत वाणी मानव मानव एक समान के बारे में सभी नागरिकों को बताया ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पिटौरा दुर्ग को मिला एवं द्वितीय पुरस्कार एक लाख एक हजार रुपए चेक एवं शिल्ड लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ को माननीय दयाल दास बघेल जी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किया गया सन् 2015 में भी ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता नवागढ़ में लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ ने प्रथम पुरस्कार एक लाख इक्यावन हजार रुपए चेक एवं शिल्ड प्राप्त किया था ।सन् 2019 में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव पंथी नृत्य प्रतियोगिता रायपुर में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया था लक्ष्मी कांत जड़ेजा अध्यक्ष लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ पंथी प्रतियोगिता में हमेशा मुंगेली जिले को गौरवान्वित करते हुए आ रहे है इसके अलावा लगातार मुंगेली जिले में पिछले आठ वर्षों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया गया एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिता में लगभग 200 पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

# सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहालः महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**महिलाओं की आर्थिक तरक्की एवं उन्नति के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध- डिप्टी सीएम साव**

**मुंगेली (समय दर्शन)////** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर ‘‘सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल’’ थीम पर नगर पालिका लोरमी के कबीर भवन में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती एवं भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वेद-पुराण के अनुसार जहां नारी की पूजा और सम्मान होता है, वहां भगवान का वास होता है। उसी के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं के सम्मान




और गौरव को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब एवं आम लोगों की समस्या के प्रति संवेदनशील हैं और उनके लिए योजनाएं बना रहे हैं। सबसे पहले हर घर में शौचालय योजना लेकर आए, फिर महतारियों के सम्मान में महतारी वंदन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, राशन कार्ड सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त सभी महिलाओं को मिल चुका है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि हमारी सरकार में शपथ लेते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया। 12 लाख से अधिक किसानों को धान की बकाया बोनस की राशि दी गई। लोरमी विधानसभा में ही 88 हजार 968 और पूरे मुंगेली जिला में 02 लाख 12 हजार 449 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। विष्णु देव सरकार में



सांय-सांय विकास हो रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मिले पैसे का उपयोग घर-परिवार की तरक्की, बच्चों की पढ़ाई और उसके उज्जवल भविष्य के लिए करना है। महिलाओं के आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए यह राशि सरकार द्वारा दी जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान व गौरव में वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में सुपोषण स्टॉल का अवलोकन किया और दो महिलाओं को गोद भराई और दो बच्चों को सुपोषण टोकरी का वितरण किया। साथ ही दो बच्चों को अन्नप्राषन कराया। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ भी दिलाई।

**महिलाओं को दी विष्णु की पाती-** उप मुख्यमंत्री साव ने महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाओं को षाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया और विष्णु की पाती प्रदान कर उन्हें मुख्यमंत्री के संदेशों से अवगत कराया। इस अवसर पर महिलाओं ने शासन द्वारा उनके सशक्तीकरण, स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। महिलाओं ने कहा कि साय सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के रूप में प्रदेश की जनता के हित के लिए की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है, इससे हम सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि सुशासन के 01 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा सुशासन के जो आयाम स्थापित किए गए हैं, उसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों में उत्साह

**सुबरन सिंह ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी पर जताया आभार**



**महासमुंद,( समय दर्शन )।** राज्य शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बेहतर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में सुगम धान खरीदी के प्रयासों से किसान प्रसन्न हैं। जिले के सुदूर ग्राम जंगलबेड़ा स्थित धान खरीदी केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक मशीन, और इलेक्ट्रॉनिक तराजू जैसे प्रबंध किए गए हैं। इन सुविधाओं के चलते किसान बिना किसी कठिनाई के समय पर धान बिक्री कर रहे हैं। ग्राम राजाडीह के किसान सुबरन सिंह बरिहा, जो 55 एकड़ जमीन में कृषि कार्य करते हैं, ने 23 दिसंबर को जंगलबेड़ा धान खरीदी केन्द्र में 240 क्विंटल धान की बिक्री की। इससे पहले वे 40 क्विंटल धान बेच चुके हैं। उन्होंने बताया कि बिक्री के 72 घंटे के भीतर उनके खाते में राशि जमा हो गई, जिससे वे और उनका परिवार बहुत खुश हैं। सुबरन सिंह ने कहा, ﾻइतने कम समय में धान बिक्री की राशि खाते में जमा होना मेरे लिए सपने जैसा था। इससे हमारी मेहनत का सम्मान हुआ है।ﾻ उन्होंने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ﾻमुख्यमंत्री ने किसानों की जरूरतों को समझते हुए जो निर्णय लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। यह हम किसानों के लिए अत्यंत उत्साहजनक है।

### मोर शहर मोर जिम्मेदारी अंतर्गत शहीद चौक का अनावरण



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ससंद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर,महापौर धीरज बाकलीवाल,पूर्व विधायक अरुण वोरा ने जनप्रतिनिधियों व नागरिको के बीच स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर शहीद चौक सौन्दर्याकरण एवं शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, सरदार उधम सिंह, क्रांतिकारी,चन्द्र शेखर आजाद एवं नेता जी सुभाष चंद्रबोस की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। संसद विधायक व महापौर ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।ग्रीन चौक में निर्मित यह आदमकद मूर्ति 7 फीट ऊंची और 300 किलो वजनी है।लगभग 70 लाख से ग्रीन चौक में स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर सरदार उधम सिंह,सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाष चंद बोस की प्रतिमा अनावरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिमाएं सम्मान का प्रतीक है। शहर के चौराहों पर लगी प्रतिमा हमको उनके कार्यों ओर बलिदानों को याद कराती है। इस महत्वपूर्ण कदम से शहर की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने शहर क्षेत्र अंतर्गत महापुरुषों के प्रतिमाओं का रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद नागरिको एवं सिंघ सभा समाज के लोगो सभी अतिथियों को बधाई दी। विशेष रूप से महापौर धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ये भी कहा हम मेरा शहर,मेरी जिम्मेदारी पहल हमारे अतीत का सम्मान करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल,अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा अरविन्दर सिंग खुराना, अध्यक्ष, गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी,पार्षद राजकुमार नारायणी, संजय कोहले,भोला महोविया, अरुण सिंह,नरेश तेजवानी, नीता जैन, सत्यवती वर्मा, बिजेंद्र भारद्वाज,पूर्व महापौर आरएन वर्मा, भास्कर कुंडले, फ्तेहसिंह भाटिया, राजेन्द्रपाल सिंग भाटिया,उ पायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपाकन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम,आरके जैन,पंकज साहू सहित आदि मौजूद रहें। बता दे कि नगर निगम से 30 लाख से लगभग 2 साल पहले की स्वीकृति गई गई थी।स्व.श्री मोतीलाल वोरा,राज्यसभा सांसद निधि, पूर्व विधायक अरूण वोरा, विधायक निधि, मनीष पारख, समाज सेवक एवं संचालक लाईफ केयर एन्ड रिसर्च सेन्टर। सौजन्य गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा दुर्ग स्टेशन रोड द्वारा लंबे समय से मांग की गई थी।

# तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**पाटन ( समय दर्शन )।** महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-पाटन दुर्ग में चल रहा तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का सफ्ल समापन किया गया। जिसमें चार महाविद्यालय के लगभग 160 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी,खो-खो, वॉलीबाल,बैडमिंटन,दौड़, रिले रेस, भाला फेंक,गोला फेंक,टेबल टेनिस इत्यादि खेलों मे सहभागिता लिए थे । जिसमें ओवरआल चैम्पियन वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा रहें एवं रनर उप उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा रहें ।इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री. महादेव कावरे ( भा. प्र. से.), माननीय संभागीय आयुक्त, रायपुर संभाग एवं कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग, अति - विशिष्ट अतिथि श्री दिलीप वासनीकर (सेवानिवृत्त भा. प्र. से.) आयुक्त, विभागीय जांच छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, श्री आर. एल. खरे, कुलसचिव महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग, विशिष्ट अतिथि डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता उ. महा. एवं अनु. कें. हथनी, बिलासपुर, श्री मदन लाल रंगारे एवं श्री के. एल. मेश्राम सर थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अमित दीक्षित, अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साकरा-पाटन दुर्ग कर रहे थे, डॉ दीक्षित ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले लगभग 40 प्रतिभागियों का चयन इंटर जोनल (विश्वविद्यालय स्तर) के लिया हुआ है जो दिनाँक 27 से 29 दिसंबर 2024 तक उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर मे खेलेंगे ।समापन कार्यक्रम में माननीय कुलपति अपने संबोधन में बच्चों की अद्भुत खेल कूद में योगदान देखकर अपनी बचपन को याद किए और बताये कि जब मैं विद्यार्थी जीवन में था तभी से मेरा खेलकूद के प्रति बहुत लगाव था,और सभी खेलकूद में भाग लेता था सर आगे कहते हैं इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी विश्वविद्यालय में होता रहेगा ।कुलपति महोदय सभी विद्यार्थियों को खेलकूद में जुड़े रहने और बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील किए। इस प्रतियोगिता का सफ्ल आयोजन डॉ. सेवन दास खूंटे एवं डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो कर रहे थे। इस खेलकूद प्रतियोगिता के उपलक्ष्य में प्रो (डॉ.) अमित दीक्षित अधिष्ठाता, सांकरा महाविद्यालय अपने संबोधन में सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए और आगे निरंत बढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने मे महाविद्यालय के समस्त अधिकारीगण,कर्मचारीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो (डॉ) अमित दीक्षित के मार्गदर्शन मे सफ्ल हुआ ।।



## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट

**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन शिविर संचालक जीपी पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी आर के पटेल के नेतृत्व में ग्राम भौरादादर में रखा गया है।

शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक चर्चा के लिए विशेष रूप से न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार साहू ( प्रथम श्रेणी सराईपाली) एवं श्रीमती पूजा पटेल साहू ( छ.ग. लोक सेवा आयोग परीक्षा न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर चयनित 25 वाँ रैंक ) एवं अधिवक्ता राजेश महाणा उपस्थित थे।

. बौद्धिक चर्चा के दौरान विनय कुमार साहू के द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय न्याय व्यवस्था, वर्तमान न्याय, क़ानून की जानकारी दिये एवं श्रीमती पूजा पटेल साहू द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसे सफ्लता प्राप्त करना है इस पर विशेष रूप से चर्चा की और उपस्थित सभी रा.से.यो. के सेवक, सेविकाओं से सवाल जवाब भी किये। इस अवसर पर राजेश महाणा ने अपने उदबोधन में क्राइम से बचने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा उपाय बताये। रासेयो शिविर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर स्थल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें डॉ संजय साहू, बीडीएस, डॉ आदित्य कुमार शिवहरे नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ गुलाब पटेल चर्मरोग, डॉ प्रेम साहू स्त्रीरोग, एवं डॉ योगेश बरिहा विशेष रूप उपस्थित थे। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ ग्रामीणों ने उठाया। रासेयो के इस विशेष शिविर में ग्रामीण जनों की ओर से आरआर पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल, प्रहलाद पटेल, श्याम सुन्दर चौधरी, सीआर जायसवाल, एल के सिदार आदि उपस्थित थे।



## पाटन में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन व महासभा का हुआ आयोजन

**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन में आज आदिवासी ध्रुव गोड समाज पाटन राज ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सम्मिलित हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत गौरा गौरी का पूजा अर्चना कर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

काफी संख्या में आदिवासी ध्रुव गोड समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।वही समाज के लोग कलश शोभायात्रा निकल कर नगर भ्रमण किये। अतिथियों का उद्बोधन, मंचीय कार्यक्रम में आदिवासी युवक-युवतियों द्वारा छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,एमडी ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष गोड महासभा धमधागढ़, आशीष वर्मा पूर्व ओ एस डी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, कमलेश नेताम संरक्षक पाटन राज,अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, सीताराम ठाकुर केंद्रीय सलाहकार धमधागढ़, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज पाटन राज अध्यक्ष संतलाल कोड़प्पा, पन्नालाल नेताम सलाहकार धमधागढ़, गुलाब ठाकुर सभापति रत्ना ठाकुर जनपद सदस्य मौजूद रहे।






## अमलीडिह क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथी- समाज सेवी प्रणव शर्मा




**पाटन ( समय दर्शन )।** क्षेत्र के ग्राम अमलीडिह में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फइनल मैच रविवार को भाठागांव और हथखोज टीम के बीच खेला गया। टॉस जितकर हथखोज के टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, फइनल मैच के दौरान भाठागांव की शुरुआत बहुत अच्छी रही, मात्र एक ही बल्लेबाज तामेशदास ने मोर्चा संभाल रखा था परन्तु टीम बड़ी स्कोर बनाने में असफ्ल रही, हथखोज टीम के अच्छे क्षेत्ररक्षा और गेंदबाजी के चलते भाठागांव टीम को मात्र 41रन में संतोष करना पड़ा, छोटे स्कोर का पीछे करने उतरी हथखोज टीम का शुरुआत चौके से हुआ लेकिन पहले ही ओवर में विकेट गिरने से टीम कुछ दबाव में आ गई थी, परन्तु अंततः इस रोमांचक मैच में एक ओवर शेष रहते 42 रन के लक्ष्य को प्राप्त कर हथखोज के टीम ने फइनल मैच जीत कर ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया।

फइनल मैच के समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथी भाजपा नेता व युवा समाज सेवक इंजिनियर प्रणव शर्मा और विशिष्ट अतिथी भाजयुमो महामंत्री रवि सिंगौर द्वारा विजेता टीम को तीस हजार की राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, उपविजेता टीम को बीस हजार की राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, हथखोज टीम के खिलाड़ी आनंद मैन ऑफ द सिरिज रहे। अतिथिगण द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच कामदेव कौशले, विकेश, प्रदीप सिंगौर, खेमचंद जोशी, तुलेश सिंगौर,भीमा कुर्रे, निखिल, कामता सिंगौर, प्रशांत शर्मा, बृजेश तिवारी, रवि साहू सहित अन्य ग्रामवासी व खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महाकाल वारियर्स का खिताब पर कब्जा, महादेव के भक्त जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

**पाटन (समय दर्शन)।** नगर पालिका अमलेश्वर में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में कल दिनांक 23/12/2024 को क्षेत्र की दो नामी टीम महाकाल वारियर्स और सूर्या इलेवन के मध्य खिताबी मुक़ाबला खेला गया। जिसमें सूर्या इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 69 रन का लक्ष्य खड़ा किया !! लक्ष्य का पीछे करते हुए महाकाल वॉरियर्स की टीम ने मात्र 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर खिताब पर अपना कब्जा जमाया !! फइनल मैच में नरेश यादव को मैन आफ़द मैच से सम्मानित किया गया !! इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मोहित सोनकर बेस्ट बल्लेबाज और मैन ऑफ़द सीरीज बने और नरेश यादव बेस्ट गेंदबाज़ रहे !! इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल मुख्य अतिथि मोनू साहू जी (सभापति जिला पंचायत सदस्य दुर्ग) द्वारा विजेता टीम महाकाल वारियर्स के कप्तान डुमेन्द्र साहू को विजेता ट्रॉफी और इनामी राशि से सम्मानित किया!! साथ ही इस कार्यकम में महेंद्र साहू जी (वरिष्ठ कांग्रेस नेता),राजू सोनकर जी , तुलसी साहू जी ,अमृत सिंह राजपूत जी एवं समस्त मॉर्निंग क्लब के सदस्य ईश्वर सुरेश टिकेश विष्णु योगेश जयदीप और सभी सदस्य उपस्थित थे ।।



# किसड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** सरायपाली विकास खंड में उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत शासकीय संजय निकुंज रोपणि,किसड़ी में सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप मे व्याख्यान हेतु डॉ.ओकेश चंद्राकर(सहायक प्राध्यापक उद्यानिकी)एवं डॉ.मुकेश सेठ(सहायक प्राध्यापक कृषि अर्थशास्त्र)द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया द्य

डॉ.ओकेश चंद्राकर द्वारा प्याज की खेती में समस्या एवं निदान,फ्लदार पौधों में प्रवर्धन तथा सब्जियों की खेती में नर्सरी प्रबंधन विषय पर व्याख्यान प्रदान किया गया द्य

डॉ.मुकेश सेठ द्वारा सब्जियों की खेती में खर्च प्रबंधन,फ्लों की खेती में खर्च एवं लाभ का आंकलन,सब्जियों एवं फ्लों बाजार दर आदि विषयों पर कृषकों के साथ चर्चा किया गया।

कृषकों को भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर(महासमुंद)का भ्रमण कराया गया जहां वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.सतीष कुमार वर्मा के मार्गदर्शन के बाद फर्म मनेजर कमल कांत लोधी द्वारा पूरे फर्म का भ्रमण कराया गया,जहां कृषकों को आम,कटहल,नींबू,तथा चीकू के फ्लौद्यान का भ्रमण कराकर पौधों में आने वाले समस्या तथा निदान एवं प्रसारण की विधियों के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया जिसमें अजोला उत्पादन,बटेर पालन,मुर्गी पालन यूनिट का भ्रमण कराया गया,उसके पश्चात शासकीय संजय निकुंज बम्हनी(महासमुंद)उद्यानिकी रोपणि का भ्रमण कराया गया जहां पालक बीजोत्पादन के संदर्भ में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एस.पी.ध्रुवंशी द्वारा जानकारियां उपलब्ध कराई गई और अम्मा ऑयल पांम नर्सरी तेलीबांधा(बागबाहरा)का भ्रमण कृषकों को कराया गया जहां ऑयल पांम की खेती से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान किया गया द्य

अंत में शासकीय संजय निकुंज रोपणि ,किसड़ी, विकास खंड सरायपाली में सहायक संचालक उद्यान जिला महासमुंद एवं पायल साव द्वारा कृषकों से प्रशिक्षण एवं प्राप्त जानकारियों का फीड बैक लेकर कृषकों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। पूरा सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम प्रभारी उद्यान अधीक्षक गुरुदत्त यदु एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी लाभेंद्र सिंह के माध्यम से संपन्न कराया गया।






## खबर-खास

### कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध खनिज पर हो रही लगातार कार्यवाही, खनिजों के अवैध परिवहन करते हुए 10 वाहन जप्त



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन,भण्डार एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी तारतम्य में 19 एवं 20 दिसम्बर 2024 को खनिज अमला द्वारा फिंगेश्वर सूखानदी) क्षेत्र से खनिज रेत की अवैध परिवहन करते हुए 3 हाईवा सीजी 07 एलएल 1579 एवं हाईवा सीजी 07 सीएल 1578 मालिक सादाब अहमद निवासी कोहका थाना व जिला दुर्ग तथा सीजी 04 एनएच 8332 मालिक बंसत निषाद निवासी पारागांव आरंग को जप्तकर पुलिस थाना फिंगेश्वर की अभिरक्षा में रखा गया है।इसी प्रकार चौबेबांधा (पैरीनदी) से रेत के अवैध परिवहन करते हुए 2 हाईवा सीजी 04 पीपी 2650 मालिक क्रांतिकुमार ताम्रकार निवासी गंडई,सीजी 04 पीएक्स 8515 मालिक देवेन्द्र साहु निवासी नंदिनी खुंदिनी को जप्तकर राजिम पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।खनिज एवं वन अमला द्वारा संयुक्त रूप से अवैध परिवहन करते चूनापत्थर के 4 कमल विहार रायपुर, सीजी 04 हाईवा सीजी 04 जेड डी 8873 मालिक नरेश साहु निवासी टेमरी एनवी 5964 मालिक अनुज गुप्ता निवासी संतोषी नगर रायपुर,सीजी 04 एलयू 0307 मालिक विकास गोदवानी नि तेलीबांधा रायपुर सीजी 04 एनके 5112 मालिक शंकर साजिदा निवासी रायपुर को जप्तकर पुलिस थाना गरियाबंद अभिरक्षा में रखा गया है।इसी तरह खनिज रेत का पाथरमोंहदा (पैरीनदी) से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते वाहन क्रमांक सीजी 23 के 2045 मालिक मोहम्मद रिजवान निवासी गरियाबंद को जप्त कर पुलिस थाना गरियाबंद अभिरक्षा में रखा गया है।सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।उपरोक्त कार्यवाही में सहा.खनि अधिकारी एफएल.नागेश नगर सैनिक राजेश भारद्वाज एवं लाकेश साहु,वाहन चालक नंद कुमार साहु,वाय.के. देवांगन शामिल रहे।

### नो-पार्किंग में खड़े वाहन चालकों से 19900 रुपए जुर्माना वसूल

**दुर्ग।** आज दिनांक 22.12.2024 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन,अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 65 वाहनों पर कार्यवाही कर 19,900 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 01, तीन सवारी में 26, बिना कागजात के 14,नो पार्किंग में 03 यातायात नियमों का उल्लंघन में 09, वाहनो में रिफ्लेक्टर नही 03 एवं बिना नंबर में 09 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

# महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का हुआ सम्मान

### विधायक रोहित साहू महतारी वंदन सम्मेलन में शामिल

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** शासन के निर्देषानुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान सम्मेलन सांस्कृतिक भवन छुरा में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र रोहित साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा तोकेष्वरी मांझी ने किया। विधायक श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटियों को अमल में लाने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है।आज महिलाएं अपनी छोटी जरूरतों के लिए परिवार पर आश्रित नही है।चाहे अपने व बच्चों के स्वास्थ्य व सुपोषण की बात हो या अपनी बिटिया के सुनहरे भविष्य को लेकर सुकन्या समृद्धि में खाता खुलवाने की बात हो चाहे बचत करके किसी रोजगार से जुड़कर स्वालबंन होने की बात हो उन महिलाओं के लिए यह योजना



वरदान साबित हो रहा है । आगामी समय में भी यह योजना जारी रहेगा।विधायक द्वारा उपस्थित हितग्राहियों द्वारा योजना के संबंध में उनके अनुभव की खुब प्रषंसा की गई।जिला कार्यक्रम में अधिकारी अषोक पाण्डेय ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान सम्मेलन के उद्देष्य पर प्रकाष डाला।उन्होंने कहा कि जिले में करीब 1 लाख 83 हजार महिला इस योजना से लाभान्वित हो रहे है।प्रतिमाह 1 हजार के मान से राषि उन्हें अंतरित हो रही है।महिलाएं उक्त राषि का योग महिलाएं अपने बेहतर स्वास्थ्य एवं सुपोषण तथा स्वालंबन के लिए कर रहे है।जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने महतारी वंदन योजना के कुषल क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों द्वारा रोजगार मूलक कार्य से जुड़ने एवं स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में इसका उपयोग करने को लेकर सभी की प्रषंसा की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितग्राहियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन का भी सम्मान किया गया। इस दौरान व्यंजन प्रदर्षनी, गीत,कुर्सी दौड़,बैलून फुलाने जैसे प्रतियोगिता भी रखा गया। जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़ कर भाग लिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर,जिला पंचायत सदस्य केषरी ध्रुव, लक्ष्मी साहू जनपद सदस्य खिलेष्वरी ध्रुव, हेमलता नेताम, शांति बाई, जनपद सीईओ छुरा, फिंगेष्वर, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध शराब पर करें कड़ी कार्यवाही - कलेक्टर अग्रवाल

### स्कूली बच्चो के जाति प्रमाण पत्र निर्माण में लाए तेजी

### कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली।उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री आदि की शिकायतो पर संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिये।उन्होंने अवैध शराब बिक्री की शिकायत प्राप्त होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने निर्माण विभाग से जिले में हो रहे निर्माण कार्यो की जानकारी ली।उन्होंने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन सड़क,भवन एवं पुल-पुलियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो को पूर्ण करने में अनावश्यक विलंब न की जाये।कार्यो को सक्रियतापूर्वक मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण कराई जाये।कलेक्टर ने बैठक में स्कूली बच्चो के बनाए जा रहे जाति,आय एवं निवास प्रमाण पत्रों के प्रगति की जानकारी ली।उन्होंने सप्ताहिक निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिये।साथ ही अपर कलेक्टर को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा करने के निर्देश दिये।बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह,अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन,उच्च कार्यालय से प्राप्त पत्रों, कोर्ट के लंबित प्रकरणों, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत सीपी ग्राम सहित अन्य विभागों से प्राप्त प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें।इन प्रकरणों में निराकरण के लिए किसी प्रकार की अधिकारी कोताही न बरते। जिले के अधिकारी-कर्मचारी अपने विभागीय कार्यो के प्रति समर्पित रहे तथा निर्धारित समय में कार्यालय पहुंचे।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

### ग्राम पंचायतो एवं प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसम्बर को

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय सारणी जारी की गई है।इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच,पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसम्बर 2024 को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी।इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य,जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 29 दिसम्बर 2024 को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी।आरक्षण की प्रक्रिया प्रात:10:30 बजे से प्रारंभ होगी।इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच,जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना 23 दिसंबर 2024 को जारी कर दी है।उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है।आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों,तहसील कार्यालयों,जनपद कार्यालयों,ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं पंच पदो के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को लॉट निकालने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारी प्राधिकृत किया गया है।इसके अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए अर्पिता पाठक,जनपद पंचायत छुरा के लिए रामसिंह सोरी,जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए विशाल महाराणा,जनपद पंचायत मैनपुर के लिए पंकज डाहिरे तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम विनिर्दिष्ट अधिकारी होंगे।पंचायतों के लिए आरक्षण बाबत् लॉट निकालने की कार्यवाही सभी जनपद मुख्यालयों में की जायेगी।इसके तहत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद,जनपद पंचायत सभाकक्ष छुरा,जनपद पंचायत सभाकक्ष फिंगेश्वर,जनपद पंचायत सभाकक्ष मैनपुर एवं जनपद पंचायत सभाकक्ष देवभोग में प्रात: 10 बजे से आरक्षण लॉट निकालने की कार्यवाही की जायेगी।

## ट्रेड एक्सपो कंपनी के नाम पर 4 करोड़ 83 लाख रुपए का धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को गरियाबंद पुलिस ने किया गिरफ्तार

### लोगों को अधिक लाभांश देने के नाम पर करता रहा गुमराह

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को 19 दिसंबर को प्रार्थी संतोष देवागन द्वारा एक लिखित आवेदन पेश किया जिसमें राजाराम तारक, शरदचन्द्र शर्मा, कमलेश साहू,यशवंत नाग एवं अरूण द्विवेदी के द्वारा ट्रेड एक्सपो कंपनी में अधिक लाभांस मिलने की लालच देकर करीबन 4,83,30,000 रूपये जमा कराकर छल पूर्वक बेईमानी करने की नियत से रूपये वापस नहीं करते हुये धोखाधडी करने के संबंध में लिखित शिकायत पेश किया गया जिस पर प्रथम दृष्टिक धोखाधड़ी का अपराध पाए जाने से संबंधित थाना प्रभारी को आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में थाना प्रभारी राजिम के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 420,34 भा0द0वि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण मे विवेचना दौरान प्रार्थी एवं अन्य गवाहों का कथन लेखबद्ध किया गया है एवं आरोपीगणों के बैंक खातो का डिटेल लेकर विस्तृत पुछताछ कर कथन लिया गया है जो अपने-अपने कथन में ट्रेड एक्सपो कंपनी में अधिक लाभांस मिलने की लालच मे आकर अन्य लोगो का पैसा इन्वेस्ट कराना स्वीकार किये है। प्रकरण मे आरोपीगण के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबुत का पाय जाने से धारा 409 भादवि.जोड़ कर आरोपी शरदचंन्द्र शर्मा पिता स्व.रिपुदमन शर्मा शर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी वुड आईलैंड कालोनी अमलेश्वर थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग (छ0ग0),यशवत कुमार नाग पिता स्व.परस राम नाग उम्र 45 वर्ष निवासी पिपरछेडी थाना राजिम जिला गरियाबंद छ0ग0,कमलेश साहू पिता गोरे लाल साहु उम्र 34 वर्ष निवासी नयापारा उजियारपुर थाना लालपुर जिला मुंगेली हाल मुकाम वार्ड नं0 1 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड भाठापारा थाना भाठापारा जिला बलौदाबाजार (छ0ग0) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

वही प्रकरण में अन्य सहयोगी आरोपी फरार है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत साहू व टीम के साथ साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।

## निगम क्षेत्र का ग्रीन बेल्ट, खसरा अवैध प्लाट का शिकार मामला देवरी खुर्द का

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** अव्यवस्था या समझबूझकर हुई यह गलती की नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 43, देवरी खुर्द क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट के एक खसरे में इन दोनों बड़ी आसानी के साथ प्लाट बेचा जा रहा है। दलाल बताते हैं की जो प्लाट आप खरीदोगे वह डायवर्टेड रहेगा। रोड और चुने की लकीर देखकर स्पष्ट होता है कि प्लाटिंग तालाब तक पहुंच गई है।



दो प्रश्न तालाब के किनारे की जमीन का डायवर्सन नहीं हो सकता। दूसरा ग्रीन बेल्ट का खसरा डायवर्टेड कैसे हो गया। इस क्षेत्र का ग्राम पंचायत से निगम में जब से परिवर्तन हुआ अवैध प्लाटिंग जोरशोर से हुई बताते हैं कि एक वर्ग विशेष ने एक गैंगस्टर को अपना मसल्स पावर बनाकर यहां अवैध प्लाटिंग को जारी रखा हुआ है। साथ ही एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि जो स्थानीय निकाय में भी शामिल है ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के साथ अंडर टेबल हाथ मिला रखा है। ऐसे में आम नागरिक अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बोलना ही नहीं चाहते।

नियम अनुसार हुई प्लाटिंग से ?300 प्रति स्क्वायर फीट कम दाम पर हुई अवैध प्लांट उसे आसान लगता है।

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक पाटन, पाटन दुर्ग (छ.ग.)

**विषय :- सीमांकन बाबत्।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार पाटन के आदेश क्रं..... दिनांक 12.12.2024 के पालन में ग्राम गुजरा प.ह.नं. 32, रानिमं व तहसील पाटन के भूमिस्वामी सोहनलाल/गजरुराम साहू. अजय तिवारी/सुखदेव, श्वेता कश्यप/पुरुषोतमत, विमला/पुरुषोत्तम, शालिनी/ भुनेश्वर बघेल, केजूराम/ बलदाऊ प्रसाद कश्यप, युगल किशोर/ राजेन्द्र चंद्रवंशी, देवेंद्र/ राजेंद्र चंद्रवंशी, ओमप्रकाश/ राधेश्याम, पुरषोत्तम/ बपलदाऊ प्रसाद, आशीष/ जान मीका, रमेश/ घासीराम तारक द्वारा आवेदित ग्राम गुजरा स्थित भूमि खं. नं. क्र. 687/1, 687/4, 6873, 687/9, 687/07, 687/2, 687/13, 687/5, 687/2, 687/6, 687/8, 690, 695, 687/10, 687/11 रकबा कुल 3.920 हे. का सीमांकन 24.12.24 को पूर्वान्ह अपरान्ह 11-5 बजे किया जाएगा।

कोई व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिवांक 17.12.2024

मुहर

राजस्व निरीक्षक
पाटन, दुर्ग ( छ.ग. )

## एचडीएफसी बैंक ने 'गिफ्ट सिटी' से पहला गोल्ड फॉरवर्ड डील किया

**मुंबई (समय दर्शन)।** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 'गिफ्ट सिटी' से गोल्ड फॉरवर्ड डील करने वाला पहला घरेलू बैंक बन गया है। यह डील एचडीएफसी बैंक गिफ्ट सिटी आईबीयू द्वारा हिंदुस्तान प्लेटिनम प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से की गई, जो एक वैश्विक रिफाइनर और उच्च शुद्धता वाले कीमती धातु उत्पादों और औद्योगिक सेवाओं का निर्माता है।

नियामकों ने सोने की कीमत के जोखिम वाली ऑनशोर संस्थाओं को गिफ्ट सिटी के माध्यम से अपने जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया है। एचडीएफसी बैंक गिफ्ट सिटी बुलियन इकोसिस्टम के विकास का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध है। गिफ्ट सिटी में बैंक का आईबीयू भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) पर ट्रेडिंग और क्लियरिंग सदस्य के रूप में कार्य करता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख - ट्रेजरी, श्री अरूप रक्षित ने कहा, ‍‍"हमें गिफ्ट सिटी से पहले गोल्ड फॉरवर्ड डील के सफल निष्पादन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह उपलब्धि गिफ्ट सिटी द्वारा पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है ताकि अभिनव और कुशल वित्तीय समाधान प्रदान किए जा सकें। एचडीएफसी बैंक रत्न और आभूषण क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को उनके जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए अनुरूप हेजिंग समाधान प्रदान करने का प्रयास करेगा।

एचडीएफसी बैंक, एक नामित एजेंसी, आईआईबीएक्स पर एक विशेष श्रेणी का ग्राहक बनने की प्रक्रिया में है और अब गिफ्ट सिटी से सोना और चांदी फॉरवर्ड की पेशकश कर रहा है।

## न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र-ब /121 वर्ष 2023-24**

**ग्राम- नवघटा प.ह.नं.-08**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जेठूराम पिता बुधराम सतनामी निवासी ग्राम दरगंवा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा पूर्व में जारी ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान किताब जारी कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। ग्राम नवघटा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. पिपरिया में स्थित भूमि ख0नं0 302/1 रकबा 0.316 हे0 भूमि जेठूराम पिता बुधराम सतनामी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में जारी ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त आवेदित भूमि के डुप्लकेट किसान-किताब जारी करने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 27.12.2024

मुहर

नायब तहसीलदार
पिपरिया

## न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम

**ईकोर्ट प्रकरण कमांक/ब-121/वर्ष 2024-25**

**ग्राम बहरमुडा प.ह.नं. -24**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनुराम बंजारे पिता कुंवर बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम बहरमुडा तहसील पिपरिया द्वारा डुप्लीकेट किसान किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम बहरमुड़ा प0ह0नं0 24 स्थित भूमि खसरा नंबर 489/1, 629/8,733 रकबा कमश: 0.008, 0.267, 0.073 हे0 भूमि पुनुराम बंजारे, चंद्रिका, चंदाबाई, कुंजबाई, मंगतीन बाई पिता कुंवर के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में जारी किसान किताब गुम हो गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 27.12.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया ।

पेशी दिनांक 27.12.2024

मुहर

नायब तहसीलदार
पिपरिया

## !! न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.) !!

**मामला क्रमांक/202412104100039/ अ-6/2024-2025**

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शेखर सिन्हा पिता अनुप सिन्हा निवासी प्राइमरी स्कूल के पास भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम उरला प0ह0न0 16 तह0 व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं0 602/14 रकबा 0.007 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है।

खातेदार / सहखातेदार अनुप कुमार सिन्हा पिता स्व. कुवर सिन्हा की मृत्यु दिनाक 21-04-21 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 03-01-2025 तक स्वंय अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 11-12-24 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुदा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग ( छ.ग. )

## संक्षिप्त-खबर

### धारा सलोनी के लखन जंघेल ने लोधी समाज के लिए 11 डिसमिल जमीन दान में दिया

**हरियाणा के करनाल में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में किया सम्मान, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ,युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर श्री मति दशमत जंघेल महिला प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ ने जताया आभार**



**पाटन ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला के धारा सलोनी गांव में रहने वाले लखन जंघेल ।ने समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश की है । उन्होंने धारा एवं सलोनी के मध्य लोधी समाज के लिए 11 डिसमिल जमीन दान में दी है। उन्होंने यह घोषणा हरियाणा के करनाल शहर में आयोजित लोधीसमाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में की है। इसके बाद समाज के लोगों ने उनका ताली बजाकर सम्मान किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा विधायक उत्तर प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा , महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दशमत जांघेल,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने भी उनका उत्साह बढ़ाया और सम्मान किया। बता दे की राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला में काफी सराहनीय कार्य हो रहा है और यही कारण है कि समाज के कार्यों से प्रेरणा लेते हुए आज डोंगरगढ़ सर्किल में रहने वाले धारा सलोनी गांव निवासी लखन जंघेल ने अपना जमीन समाज के उपयोग के लिए दान में देने की घोषणा की है। इस अनुकरणीय प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने कहा कि निश्चित रूप से यह कार्य समाज के लिए काफी प्रेरणादाई है और समाज को आगे बढ़ाने में समाज के ऐसे ही दानवीर लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे आगामी पीढ़ी को भी एक अच्छा संदेश जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से इस अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे सभी सामाजिक जन मौजूद थे।

### शिव ही देवताओं और मनुष्यों के दुख तकलीफको हरने वाला पुरे सृष्टि में एक है पंडित संतोष अवस्थी महराज

**ग्राम चुनकट्टा में चल रहे भागवत कथा के तीसरे दिन लोगों की रही भीड़**



**सेलुद ( समय दर्शन )।** सेलुद के समीपस्थ ग्राम चुनकटूटा में स्व. श्री तिहारू राम ठाकुर जी की स्मृति में ठाकुर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन प्रवचनकर्ता उमरपोटी भिलाई निवासी पंडित संतोष अवस्थी ने विदुर प्रसंग सृष्टि-वर्णन, शिव कथा का विस्तार से वर्णन किया । विदुर प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि दुर्योधन द्वारा रची गई साजिश से कई मौके पर उन्हें मृत्यु से बचाया था। विदुर ने कौरवों के दरबार में द्रौपदी के अपमान का विरोध किया था। कुरुक्षेत्र युद्ध के दौरान विदुर धर्म और पांडवों के पक्ष में थे। भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार, विदुर को यम (धर्म) का अवतार माना जाता है। शिवकथा के बारे बतलाते हुए पंडित जी ने कहा कि जब समुद्र मंथन से विष प्राप्त हुआ,तो देवताओं और असुरों में हाहाकार मच गया कि कौन विष ग्रहण करेगा । उस समय भगवान शिव ने तीनों लोकों की रक्षा हेतु विषपान किया। सारे ब्रम्हांड में एक भगवान शंकर ही है जो विपत्ति के समय देवताओं और मनुष्यों सारे कष्ट पाप दुख तकलीफको हर लेता है विष पान के चलते भगवान शिव के गले में जलन होने लगा। उनका शरीर तपने लगा। यह देख देवी-देवता व्याकुल हो उठे। तब देवताओं ने भगवान शिव को अपने शीश पर चंद्रमा धारण करने की सलाह दी। चंद्रमा शीतलता प्रदान करता है। अत: भगवान शिव ने अपने शीश पर चंद्रमा को धारण किया। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 05 बजे तक और कथा स्थान कला मंच चुनकट्टा के पास आयोजन हो रहा है इस अवसर पर श्रोता गोपाल ठाकुर, अनंत, ईश्वरी, गोकुल, राजेन्द्र, प्रकाश, फिरोज, बिहारी, धर्मेन्द, प्रदीप, नरेश, शेखर, दुष्यंत, राजू, खिलेश, टोमन, निलू, ओमू, रोहित, पिन्टू, कामू, भूषण, गोलू उर्मिला ठाकुर विष्णु कोड़प्पा शिवम कोड़प्पा दिलेश्वर ठाकुर श्रीमति बिन्दू ठाकुर विरेंद्र ठाकुर श्रीमति बिन्दू ठाकुर श्रीमति मेनका राजेश ठाकुर शुभम एकता हर्षद, रोहन, विभा, आशुतोष, काव्या, दिव्यांश एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# श्रीनिवास रामानुजन जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में गणित मेला का आयोजन

**बसना ( समय दर्शन )।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना के तत्वाधान में श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती मनायी गयी ।इस उपलक्ष में गणित मेला का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती, ओम ,भारत माता एवं श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इसके पश्चात भैया बहनों के द्वारा श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर, उनका






संघर्ष एवं गणित के लिए उनके योगदान के संदर्भ में विचार व्यक्त किया गया । प्रश्न मंच ,चार्ट प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा ।उक्त कार्यक्रम में नरसिंह शिक्षा समिति के व्यवस्थापक रमेश कर ने अपने वक्तव्य में कहा कि व्यक्ति को स्वयं के विचारधारा को सदैव व्यापक क्षेत्र में अग्रसर रखना चाहिए ।उपाध्यक्षसतीश चंद्र बेहरा ने रामानुजन जीवन के विषम परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए गणित में उनके योगदान के बारे में बताया गया । अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल ने कहा कि प्रेरणास्पद बातों को अंत:करण में धारण कर अग्रसर रहना चाहिए , ताकि हम समय का सदुपयोग कर सके ।वरिष्ठ सदस्य आनंद राम मदनानी ने कहा कि, व्यक्ति को हमेशा आशावादी होना चाहिए, तभी वह लक्ष्य हासिल कर सकता है ।उक्त कार्यक्रम में सदस्य धनेश्वर साहू ,कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ,प्रधानाचार्य भरोसराम साव सभी आचार्य दीदीयां तथा भैया बहन उपस्थित रहे । आभार व्यक्त संस्था प्रमुख धनुर्जय साहू ने किया । कार्यक्रम का संचालन सुश्री भानुमती साव के द्वारा किया गया।

# महतारी वंदन सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

**महिला हितग्राहियों का किया सम्मान**





**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर स्थित मंगल भवन में भाजपा सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के वादे को पूरा कर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, मातृशक्ति का सम्मान, स्वाभिमान और स्वालंबन सुनिश्चित कर रही है। सम्मानित महिलाओं ने योजना की राशि से व्यवसाय शुरु की है। साथ ही रोजगार मूलक कार्य में इस्तेमाल कर रही है। कार्यक्रम में विष्णु की पाती का वाचन किया गया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी पटेल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जनपद पंचायत बसना सभापति देवकुमारी पटेल, महामंत्री जन्मजय साव, तहसीलदार ममता ठाकुर, नायब तहसीलदार प्रकृति सिंग, सरणदास राजन,फुलचंद पटेल, उमादेवी पटेल, गरिमा कैवर्त सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में पालकों की आवश्यक बैठक संपन्न



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में पालकों की आवश्यक बैठक वारिश कुमार संकुल समन्वयक के मार्गदर्शन एवं प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विरेंद्र साव की अध्यक्षता में पालकों की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम समस्त पालकों और संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी वारिश कुमार का प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक के विषय

(1)अपार आई डी और जाति प्रमाण पत्र बनाने..

(2)छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी..

(3)नेवता भोज..

(4) FLN के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर.. (5)किचन गार्डन..(6) खेलकूद..

आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

पालकों ने विद्यालय विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। इस दौरान संकुल समन्वयक वारिश कुमार ने विद्यालय के सफल संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस बैठक में विरेंद्र साव, गोकुल जगत,नरहरी साहू,पुर्णचंद भोई, परमानंद कश्यप, कामिनी प्रधान, जयंती प्रधान, सुभाषिनी साव,खेलकुंवर साव, गीतांजली दास, सुभागिनी दास, सुबरातन बी,शिक्षिका तंजू साव,प्रीतम पटेल , शिक्षक मथामनी साहू उपस्थित थे ।अंत में आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा किया गया।

# बलौदा बाजार आगजनी कांड में बंद निर्दोष लोगों की रिहाई हेतु सौंपा ज्ञापन

**(जिला से भी छः लोगों की हुई गिरफ्तारी, रिहाई नहीं करने से शासन के प्रति समाज में बढ़ रही है आक्रोश)**



**गेंददास मानिकपुरी सिटी रिपोर्टर/ महासमुंद ( समय दर्शन )।** बलौदा बाजार कलेक्टर कार्यालय परिसर में हुई आगजनी एवं तोड़-फोड़ मामले में बंद सतनामी समाज के 186 लोगों की रिहाई हेतु प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज (युवा प्रकोष्ठ) व सतनामी अधिवक्ता संघ द्वारा राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम से कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर रिहाई की मांग किया।

ज्ञापन में बताया गया है कि 10 जून को बलौदा बाजार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित घरना- प्रदर्शन के दौरान घटित आगजनी एवं तोड़ ?फोड़ की घटना में सतनामी समाज के समाज प्रमुखों एवं विभिन्न संगठनो के पदाधिकारियों को इसलिए गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है कि वे धरना-प्रदर्शन में शामिल थे या मंच पर संवैधानिक रूप से समाज के समर्थन में उपस्थित रहे। जिसका आगजनी व तोड़-फोड़ में कोई संलिप्तता नहीं है। वें तो सतनामी समाज द्वारा गिरौदपुरी धाम के पास महाकोनी अमरगुफा में स्थित जैत खाम को काटे जाने की घटना की ष्टक्चढ्ढ जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था,जिसमें समाज के धर्मगुरु व समाज प्रमुखों सहित सभी राजनैतिक दल विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी युवा महिला सहित सामाजिक कार्यकर्ता हजारो की संख्या में शामिल थे। जहां समाज के सभा के पश्चात रैली के दौरान कुछ असामाजिक लोग शामिल होकर घटना को अंजाम दिया और सतनामी समाज के साथ शासन प्रशासन को बदनाम किया। धरना-प्रदर्शन में बीस से तीस हजार की संख्या में शामिल लोगों में से समाज के केवल 186 लोगों को गिरफ्तार कर प्रदेश के विभिन्न जेलों में छः माह से रखा गया है। प्रकरण के चालान प्रस्तुत होने व 6 माह बीत जाने के बाद भी जमानत नहीं दिया जा रहा है। जबकि गिरफ्तार लोगों में कुछ उम्रदराज व गंभीर बीमारी से ग्रसित लोग हैं जिनकी जमानत या रिहाई नहीं होने से मानसिक और शारीरिक स्थिति और बिगड़ रही है। वहीं बहुत से लोगों के परिवार को आर्थिक पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि वे एक मात्र कमाऊं सदस्य हैं। महासमुंद जिला से ही 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें नेतराम जांगड़े ग्राम तरेकेल जो धरना-प्रदर्शन में भी शामिल नहीं था उस दिन अपने गांव में ही ट्रेक्टर से खेत जुताई कर रहे थे ।इसी प्रकार दिनेश बंजारे युथ प्रदेशाध्यक्ष और विजय बंजारे जिलाध्यक्ष ,हीरा जोगी प्रदेश उपाध्यक्ष, सोमनाथ टोडेकर जिला मिडिया प्रभारी को केवल सतनामी समाज के पदाधिकारी होने और धरना-प्रदर्शन में संवैधानिक रूप से केवल शामिल होने के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। इनमें चारों बीमार है एवं पहले से गंभीर रोगों का उपचार करवा रहे थें।

वहीं मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री गण सार्वजनिक रूप से कहते रहे हैं कि आगजनी और तोड़फोड़ की घटना सतनामी समाज ने नहीं किया है कोई बड़ी साजिश हुई है और इसी बात को सतनामी समाज के लोग भी शुरू से कहते आ रहे हैं कि सतनामी समाज के साथ षडयंत्र हुआ है। फिर भी 99 प्रतिशत सतनामी समाज के लोगों को ही आरोपी बनाया गया है। समाज के मांग पर गृहमंत्री द्वारा सुक्ष्म जांच कराकर निर्दोष लोगों की चिन्हांकन कर रिहाई करने की बात की गई थी परन्तु आज तक किसी भी व्यक्ति की रिहाई नहीं करने से समाज के अन्दर आक्रोश पनप रही है ।शासन द्वारा सतनामी समाज को जानबूझकर दबाने के लिए रिहाई नहीं करने की भेद-भाव का आरोप भी लग रहा है। जिसका पटाक्षेप सतनामी समाज के गिरफ्तार सभी निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई कर करने की मांग किया है। यदि समाज के मांग को नजरंदाज करतीं हैं तो समाज आंदोलन के लिए मजबुर होगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के दीनानाथ रात्रे, नंदकुमार जोगी, परेश्वर बघेल, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश रात्रे, डॉ विजय चतुर्वेदी, रामकुमार गायकवाड़, व बागबाहरा ब्लॉक उपाध्यक्ष हरक मन्नाडे,खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देवकुमार जोशी, चोलेश्वर मारकंडेय, युवा प्रकोष्ठ के जिला सचिव तेजराम चौलिक,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, कोमाखान परिक्षेत्र के युवा अध्यक्ष सोनुटंडन सुकालू राम बंजारे, संतराम भारती, कन्हैया टोंडेकर, देवेन्द्र बघेल व समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

# विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया जोड़ा जैतखाम का लोकार्पण



**बसना ( समय दर्शन )।** विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने ग्राम कर्राभौना में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जी जयंती समारोह में जोड़ा जैतखाम का विधि-विधान से पूजन कर लोकार्पण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग एवं बाबा गुरु घासीदास जी के अनुयायी उपस्थित थे। जोड़ा जैतखाम का निर्माण विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के सहयोग से किया गया है। इस मौके पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि, सैकड़ों वर्ष पूर्व सतनाम पंथ के प्रथम प्रणेता परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी ने इस संसार में सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया था। जिसका अनुसरण विश्वभर में किया जा रहा है। अपने धर्म संदेश के द्वारा उन्होंने सभी वर्गों, सम्प्रदायों एवं मानव समाज की एकता और भाईचारे पर विशेष जोर दिया। इस प्रकार उनके विचार युग युगांतर तक प्रासांगिक रहेंगे। इस दौरान राजमहंत पीएल कोसरिया, जिला महंत छबीलाल रात्रे, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, नरेन्द्र बोरे, अभय धृतलहरें, शंकर खुंटे सहित बड़ी संख्या समाजजन मौजूद थे।

# लोहराकोट में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई गई

**■ बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने गुरू घासीदास जी की जयन्ती मे शामिल होकर जैतखाम में माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया**

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट में रविवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने जैतखाम में माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर उपस्थित समाज गंगा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास ने भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैले कुरीतियों के सामाजिक संगठनों में भेदभाव, असंतोष की भावना को दूर किया। हम सभी को उनके नामांकित मार्ग पर यात्रा करनी चाहिए। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा सत्य में चलने का मार्ग बताते हैं। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल करते हुए कहा




कि संत गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को कल्याण का मार्ग दिखाया। उनका मनखे-मनखे एक समान संदेश पूरे मानवता के लिए है। उनके इस महान संदेश से समाज में खुशहाली, समरसता, प्रेम और भाईचारा का माहौल बना। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जीवन का लक्ष्य सत्य की प्राप्ति बताई। सत्य के साथ अहिंसा रहती है और जहां अहिंसा है वहां प्रेम और भाईचारा है। सत्य सब जगह है, कोई भी काल हो उसका महत्ता कम नहीं।

इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डिग्री लाल रात्रे, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र बोरे,जिला अध्यक्ष दौलत प्रसाद रात्रे, नरेन्द्र रात्रे, संत रितुदास, संत गोपाल सत्यवंशी, मीडिया प्रभारी लोकनाथ खुंटे, सतनामी समाज लोहराकोट अध्यक्ष योगेश टंडन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरें, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, रविन्दर आजमानी,अनुप अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सुरेन्द्र पाण्डे, सुशील प्रधान, खेमू अग्रवाल,उद्धव खमारी, अशोक साहू, बृजेश खमारी, मनोज बारीक, खीरसागर साहू, जेलसिंग बरिहा, द्वारिका पटेल, दीनबंधु पटेल, बंशीधर राणा, दयाराम बरिहा,मुलचंद बरिहा, चेतन लाल बिंझवार, हेमसागर बिंझवार, गजेन्द्र बिंझवार, सुधराम बरिहा, दशरथ बरिहा, कार्तिक राम बिंझवार, सुकालू बरिहा, मनीराम बरिहा, सुंदरसाय, दासरथी बरिहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26